शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 123 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 29 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मैडम सीएम' इंडी गठबंधन को समर्थन देंगी, लेकिन बनेगी एनडीए सरकार : मोदी

### ममता सरकार ने सिर्फ अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण और ओबीसी के साथ धोखा किया: मोदी

### उत्तर कोलकाता में पीएम मोदी का भव्य रोड शो, देखने उमड़े लोगों ने बरसाए फूल

**कोलकाता**
लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता में भव्य रोड शो किया। मंगलवार की शाम उत्तर कोलकाता के श्याम बाजार फाइव प्वाइंट क्रॉसिंग से भाजपा उम्मीदवार तापस राय को साथ लेकर उन्होंने रोड शो की शुरूआत की। इसके पहले उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया और बाग बाजार के प्रसिद्ध मां शारदा के अंतिम निवास वाले घर "मायेर बाड़ी" में पूजा अर्चना की। इसके बाद तापस राय को साथ लेकर पीएम ने विधान सरणी में रोड शो की शुरूआत की। यह स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास वाला इलाका है जहां पीएम मोदी को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग उमड़े हुए थे। एसपीजी ने पूरे क्षेत्र को अपने सुरक्षा घेरे में ले रखा था और कोलकाता पुलिस के विशेष तौर पर प्रशिक्षित जवानों की तैनाती भी पूरे इलाके में की गई थी। बांस की बल्लियों से सड़कों के दोनों किनारो को घेर दिया गया था जिसके चारों तरफ लोगों का हुजूम पीएम मोदी को देखने के लिए उमड़ा हुआ था। एक खुली जीप पर पीएम मोदी के साथ तापस राय के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी सवार थे। सड़क के दोनों ओर युवा, बुजुर्ग, महिलाओं के साथ बड़ी तादाद में उमड़े आम लोगों ने पीएम मोदी को देखकर तस्वीर खींचनी शुरू कर दी। सड़क के दोनों और इमारतों पर खड़े लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आसमान से फूल बरसाए और जय श्री राम के नारे भी लगाए। पीएम मोदी ने इस दौरान वाहन सवार होकर सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों का हंस-हंसकर अभिवादन किया और हाथ जोड़े। सुरक्षा कारणों से लोगों को सड़क के किसी भी हिस्से को पार करने की अनुमति नहीं दी गई थी और पूरे इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था रोक दी गई थी।



### तृणमूल और इंडी गठबंधन को आपके विकास से कोई मतलब नहीं: मोदी

**पीएम ने कहा कि** बंगाल में भी आपका लूटा हुआ धन आपको वापस मिले मैं उसके लिए पूरी कोशिश कर रहा हूं। इंडी गठबंधन वाले गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई का एक्स रे करने की बात करते हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल और इंडी गठबंधन को आपके विकास से कोई मतलब नहीं है। इनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने वोटबैंक का तुष्टीकरण करना है।

### आज भारत विकसित होने के रास्ते पर चल पड़ा: पीएम मोदी

**उत्तर 24 परगना**
लोकसभा चुनाव के अंतिम व सातवें चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि जबसे आपने मुझे सेवा करने का मौका दिया, हमने रेलवे, एक्सप्रेस वे, वाटर वे, एयरपोर्ट हर तरह से पूर्वी भारत में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए काम किया है। कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत विकसित होने के रास्ते पर चल पड़ा है। पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने जितना पूर्वी भारत पर खर्च किया है, उतना पिछले 60-70 साल में भी नहीं हुआ था। आजादी के पहले एक समय वो भी था जब बंगाल लाखों देशवासियों को रोजगार देता था।



आज बंगाल में ज्यादातर फैक्ट्रि पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल का ये हाल किसने किया? पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब टीएमसी दोनों हाथों से लूट रही है। देश में संविधान-संविधान, तानाशाही-तानाशाही चिल्लाने वालों की जमात वो पश्चिम बंगाल में क्या हो रहा है जरा यहां आकर देखो आपकी बोलती बंद हो जाएगी। बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया उसकी कलाई कोर्ट ने खोल दी है।

## छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान



**नई दिल्ली/एजेंसी**
चुनाव आयोग ने छठे चरण के मतदान के आंकड़े जारी किए हैं। आयोग का कहना है कि इस चरण में 58 सीटों पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। पादर्शिता बनाने के लिए आयोग ने कुल मतों की भी जानकारी साझा की है। इसके साथ ही छह चरणों में अबतक 486 सीटों पर 66 प्रतिशत मतदान हुआ है। विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस के आरोपों के बीच हाल ही में चुनाव आयोग ने पांच चरणों में मतदान संख्या की सटीक जानकारी साझा की थी। आयोग ने आज कहा कि 25 मई के दो प्रेस नोटों की निरंतरता में चल रहे आम चुनाव 2024 में 58 पीसी के लिए चरण-6 में 63.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। आयोग के आंकड़ों के अनुसार छठे चरण में बिहार में 8 सीटों पर 57.18, हरियाणा में 10 सीटों पर 64.80, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 55.40, दिल्ली की सात सीटों पर 58.69 प्रतिशत, ओडिशा की 6 सीटों पर 74.45, उत्तर प्रदेश में 14 सीटों पर 54.04 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों पर 82.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यानी देश के आठ राज्यों की 58 सीटों पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ । छठे चरण में 11,13,16,606 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से कुल 7,05,44,933 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके अलावा आयोग ने यह भी बताया है कि अगले यानी सातवें चरण में किस सीट पर कितने मतदाता हैं। आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छठे चरण तक 486 सीटों पर 87,53,96,943 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 57,78,42,221 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। यानी पिछले छह चरणों में 66 प्रतिशत मतदान हुआ है। आयोग का कहना है कि फॉर्म 17 सी का वास्तविक डेटा मान्य माना जाता है। इसे मतदान के दिन ही उम्मीदवारों के साथ साझा किया जाता है।

अंतिम मतदान केवल डाक मतपत्रों की गिनती और कुल मतों की गिनती में इसके जुड़ने के बाद उपलब्ध होगा। डाक मतपत्रों में सेवा मतदाताओं, अनुपस्थित मतदाताओं (85 , दिव्यांग, आवश्यक सेवाओं आदि) और चुनाव ड्यूटी पर मतदाताओं को दिए गए डाक मतपत्र शामिल हैं।

## एसबीआई ने चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का जताया अनुमान

**नई दिल्ली**
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एसबीआई ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8 फीसदी रहने की बात कही है। एसबीआई रिसर्च की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी 7.4 फीसदी रहने की संभावना है, जबकि पूरे वित्त वर्ष में कुल जीडीपी वृद्धि 8 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 31 मई को बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए चौथी तिमाही के लिए जीडीपी आंकड़े का अनंतिम अनुमान जारी करेगा। रिजर्व बैंक ऑफ (इंडिया) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.3 फीसदी और पूरे वित्त वर्ष में 7.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भी कहा था कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है।

## पीएफआई के पूर्व प्रमुख अबू बकर की नियमित जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सुरेश कैत और जस्टिस मनोज जैन की अध्यक्षता वाली बेंच ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व प्रमुख ई अबू बकर की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान एनआईए ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उसके खिलाफ जांच चल रही है और इसी दौरान ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर जांच को बाधित करने की कोशिश की जा रही है। अबू केरल जाकर इलाज करने की अनुमति मांग रहा है, जबकि उसे कई बार एम्स में इलाज के लिए ले जाया गया। उसकी ये याचिका जांच को बाधित करने और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश है। सुनवाई के दौरान अबू बकर की ओर से वकील अदीत एस पुजारी ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है।

## पीएम मोदी फिर होंगे ध्यान में लीन

### प्रधानमंत्री यहां ध्यान मंडपम में मेडिटेशन करेंगे। स्वामी विवेकानन्द ने भी इसी स्थान पर ध्यान लगाया था



**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद 30 मई से 1 जून तक कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री यहां ध्यान मंडपम में मेडिटेशन करेंगे। स्वामी विवेकानन्द ने भी इसी स्थान पर ध्यान लगाया था। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मई को संक्षिप्त आध्यात्मिक प्रवास के लिए तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में स्थित प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल का दौरा कर सकते हैं। उनके चुनाव अभियान के अंतिम चरण के बाद कन्याकुमारी की यह यात्रा आध्यात्मिक प्रवास के लिए होगी और इसमें कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा। स्वामी विवेकानन्द देश भर में घूमने के बाद कन्याकुमारी पहुंचे थे और मुख्य भूमि से लगभग 500 मीटर दूर हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के मिलन बिंदु पर स्थित एक चट्टान पर तीन दिनों तक ध्यान किया। ऐसा माना जाता है कि यहीं पर विवेकानन्द को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

इसी चट्टान को अब ध्यान मंडपम के नाम से जाना जाता है। कई लोगों का मानना है कि गौतम बुद्ध के सारनाथ के समान यह चट्टान स्वामी विवेकानन्द के जीवन में विशेष महत्व रखती है।

## लोकसभा का यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर/एजेंसी**
**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को रामद्रोही बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। बकौल सीएम, एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार बनाने वाले लोग हैं तो दूसरी तरह पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले लोग हैं। राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है इसलिए आज पूरे देश मे एक ही स्वर सुनाई पड़ रहा है, "रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर"। तुष्टिकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेवा नहीं होगा। सीएम योगी मंगलवार पूर्वाह्न पीपीगंज में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में वह प्रचार के लिए देश मे जहां भी गए, हर जगह लोग मोदी जी को भरपूर समर्थन देते मिले। हर क्षेत्र से एक ही आवाज गूंज रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जो राम मंदिर पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए गौरव है, उसे लेकर कांग्रेस कहती है कि यह मंदिर नहीं बनना चाहिए था इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। वहीं समाजवादी पार्टी कहती है कि राम मंदिर बेकार बना है।

## मिजोरम में पत्थर की खदान ढहने से 10 लोगों की मौत



### पुलिस के जवानों के साथ ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए कर्मी एवं स्थानीय यंग मिजो एसोशिएशन के कार्यकर्ता संयुक्त रूप से बचाव कार्य में लगे हुए हैं। भूस्खलन में कई घर ध्वस्त हो गए हैं।

**आइजोल**
मिजोरम में लगातार हो रही बारिश के कारण आइजोल के बाहरी इलाके में पत्थर की खदान ढहने से 10 लोगों की मौत हो गई। मेलथुम इलाके में मिट्टी के नीचे दबे 10 शव अब तक निकाले जा चुके हैं।

मिजोरम सरकार के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पुलिस के जवानों के साथ ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए कर्मी एवं स्थानीय यंग मिजो एसोशिएशन के कार्यकर्ता संयुक्त रूप से बचाव कार्य में लगे हुए हैं। भूस्खलन में कई घर ध्वस्त हो गए हैं। अनेक वाहन मिट्टी के नीचे दबे हुए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण राहत और बचाव कार्य में बाधा पहुंच रही है।

बीते 36 घंटे से हो रही बारिश के कारण मंगलवार को पूर्वोत्तर की प्रायः सभी नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। नदी किनारे के इलाकों में रहने वाले कई लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। पूर्वोत्तर के अनेक हिस्सों में रेड अलर्ट और आरेंज एलर्ट जारी किया गया है।

## श्रद्धा हत्याकांड मामले में आफताब के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल



**नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस ने बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले में मंगलवार को आरोपित आफताब के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल की है। दिल्ली पुलिस ने करीब तीन हजार पेजों की चार्जशीट मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला की कोर्ट में दाखिल की।

चार्जशीट में घटना के दौरान गूगल लोकेशन और सर्च हिस्ट्री का जिक्र किया गया है। इसके अलावा चार्जशीट में डिजिटल और फोरेंसिक रिपोर्ट को शामिल किया गया है। साकेत कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज मनीषा खुराना कक्कड़ ने 9 मई, 2023 को आफताब पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 ( सबूतों को नष्ट करने) के तहत आरोप तय किये थे। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आफताब ने सोच समझ कर इस घटना को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि परिस्तिथिजन्य साक्ष्य से पता चलता है कि श्रद्धा और आफताब का लिव-इन रिलेशन हिंसक था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि श्रद्धा प्रैक्टो ऐप के जरिये डॉक्टरों से परामर्श भी ले रही थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में श्रद्धा की काउंसलिंग का वीडियो प्ले कर दिखाया था।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपित बिभव को कोर्ट ने 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली**
दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार की पांच दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की थी। आज बिभव की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 27 मई को बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान स्वाति मालीवाल ने कोर्ट में कहा था कि एक बहुत बड़ा यूट्यूबर है, जो पहले आम आदमी पार्टी का वालंटियर था, उसने एकतरफा वीडियो बनाया। उसके बाद मुझे लगातार जान से मारने और रेप की धमकी देने की फोन काल आने लगीं।

## दिल्ली में जल संकट गहराया, पानी बर्बाद करने वालों पर चालान की तैयारी

### जिन इलाकों में दो बार पानी आता है, वहां एक बार पानी आएगा: आतिशी




**नई दिल्ली**
दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच जल संकट को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पीने के पानी की आपूर्ति दिन में केवल एक बार करने की घोषणा की है। इसके साथ ही सरकार ने पानी की बबार्दी करने वालों पर चालान करने की चेतावनी दी है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा पर एक मई से दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की सप्लाई यमुना पर निर्भर करती है। यह पानी हरियाणा द्वारा छोड़ा जाता है लेकिन मई महीने में हरियाणा ने दिल्ली के हिस्से का पानी छोड़ना बंद कर दिया है। ऐसे में यमुना का जलस्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा की तरफ से दिल्ली के हिस्से का पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जाता तब जल प्रशोधन संयंत्र में पानी की कमी हो जाती है और पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। आतिशी ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को तर्कसंगत बनाने सहित कई उपाय लागू करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह में दिल्ली के कई इलाकों में पानी का संकट रहा है। हमने कई कदम उठाए हैं लेकिन पानी का स्तर लगातार घट रहा है, इसलिए हमें और कदम उठाने होंगे। जिन इलाकों में दो बार पानी आता है, वहां एक बार पानी आएगा।

मंत्री ने सभी दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा कि चाहे आपके इलाके में पानी की कमी हो या नहीं, पानी की आपूर्ति का तर्कसंगत उपयोग करें। जिन्हें पर्याप्त पानी मिल रहा है, उन्हें इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। सभी अपनी कारों को खुली पाइपों में न धोएं। इसके साथ ही आतिशी ने राजधानी के निवासियों को चेतावनी दी है कि पानी बर्बाद करने पर भारी जुमार्ना लगेगा। उन्होंने कहा कि अगर यह सार्वजनिक अपील प्रभावी नहीं होती है, तो हमें पानी के अत्यधिक उपयोग पर जुमार्ना लगाना पड़ सकता है। लोग यह सुनिश्चित करें कि पानी की मोटरों के कारण पानी बर्बाद न हो।

# प्रयागराज में 48.2 डिग्री पहुंचा तापमान, बेहाल हुए लोग

## मजदूर बेहोश हुआ, चिलचिलाती धूप में सड़कों पर दिखा सन्नाटा, सूखने लगा गंगा का पानी







अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आज यानी मंगलवार दोपहर 2:30 बजे पारा 48.2त्व पहुंच गया है। नुरुल्ला रोड पर काम करते समय मजदूर उत्तम कुमार बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। वह लाल कॉलोनी करेली का रहने वाला है।नौतपा का चौथा दिन तप रहा है। सड़कों पर सन्नाटा है। खुले में लोग निकलने से बच रहे हैं। बहुत जरूरी काम से कार या ऑटो-रिक्शा में ही लोग सफर करते दिख रहे हैं। गंगा सूखती जा रही है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो आज अधिकतम तापमान 46त्व के पार पहुंचेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 44त्व रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, आज इस सप्ताह का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया जा सकता है। यह गर्मी अभी जून भर रहेगी, लेकिन 2 जून तक नौतपा लोगों को गर्मी और उमस से बेहाल करता रहेगा।

सुबह से दिखने लगा गर्मी का असर : प्रयागराज में सुबह से गर्मी का असर दिखने लगा था। सुबह 6:30 बजे तक अधिकतम तापमान 32त्व रहा, लेकिन 7 बजे 34त्व पहुंचा। दोपहर 3 बजे तक पारा 46त्व पार कर सकता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और मौसम वैज्ञानिक प्रो. संजय राय के मुताबिक, अभी गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। वहीं दूसरी ओर तेज धूप और गर्मी के चलते ट्रेनों में एसी फेल हो जा रहे हैं। यात्रियों की ओर से लगातार इसकी शिकायतें भी आ रही हैं।

## सूर्य की तपिश से हर कोई परेशान रहा नैनी में पारा 47 डिग्री के पार

**नैनी।** नैनी प्रयागराज में मंगलवार दोपहर पारा 47त्व के पार पहुंच गया। इससे लोग बेहाल रहे। सूर्य की तपिश से हर कोई परेशान रहा। दोपहर में तो सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए लोगों ने अपने को घर में ही रहना उचित समझा। इस भीषण गर्मी में घर के बाहर निकलना जोखिम भरा है। मंगलवार को भी गर्मी का असर सुबह से ही देखने को मिल रहा था। शुआट्स के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के तकनीकी अधिकारी डॉ प्रवीन चरन ने बताया कि मंगलवार दोपहर में तापमान 47.6त्व रिकार्ड किया गया है। यह इस सप्ताह का सबसे गर्म दिन माना जा रहा है। यह गर्मी अभी जून भर रहेगी, लेकिन दो जून तक नौतपा लोगों को गर्मी और उमस से बेहाल करता रहेगा। हालांकि कल से हल्का तापमान कम हो सकता है।





### भीषण उमस भरी गर्मी से लोग मंगलवार को घरों में रहे कैद बाजारों में रहा सन्नाटा

**मऊआइमा।** मंगलवार को उमस भरी भीषण गर्मी से मऊआइमा क्षेत्र में लोग घरों में कैद हो गए।तथा बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।यही नहीं सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी कम हो गया। बताया गया है कि इस तपन भरी भीषण गर्मी के कारण बच्चे,बूढे उलटी दस्त की बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। बताया गया है कि मंगलवार को लोग तपन भरी गर्मी से पनाह मांगने लगे। बहरहाल इस बार गर्मी का विकराल रूप देख कर लोग सुबह जल्दी जल्दी काम करके दोपहर में घरों में कैद हो जा रहे हैं।तथा सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है।

## गर्मी से हाल बेहाल, घरों में दुबके रहे लोग, सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बिजली की लो वोल्टेज उपभोक्ता त्रस्त

अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** इन दिनों उमस भरी गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है। धूप की कड़ी तपिश लोगों को परेशान कर रही है। सूर्य की किरणों के निकलते ही शरीर का झुलसना शुरू हो जा रहा है। मंगलवार को भी मौसम काफी गर्म रहा। जिसके चलते लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे इस उमस भरी गर्मी के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हों गया है। दोपहर के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता



है वही लोगो का कहना है कि इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग कूलर, पंखा का सहारा ले रहे हैं। लेकिन बिजली की लो वोल्टेज के कारण लगातार बिजली की कटौती की जाती है। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई की स्थिति दिन व दिन दयनीय होती जा रही है। मांडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली कटने का कोई समय निर्धारित नही है। और आती है तो वोल्टेज लो रहती हैं बिजली की इस समस्या से उपभोक्ता त्रस्त है।

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अलंकरण समारोह में 40 बच्चों का किया गया चयन



**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज गोसौरा कला में मंगलवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल की प्रबंधक डा० स्वतंत्र मिश्रा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं मार्च पास्ट के साथ किया। इस दौरान अलंकरण समारोह में 40 बच्चों को चुना गया जिसमें स्कूल कैप्टन जनमेजय शुक्ला स्पोर्ट कैप्टन आयूश सिंह, स्पोर्ट वाइश कैप्टन - धीरज यादव, यलो हाउस कैप्टन आर्यन पटेल, वाइश कैप्टन - मरीयम अंसारी, ब्लू हाउस कैप्टन ओम पाडें, वाइस कैप्टन - वैभव शुक्ला, रेड हाउस- अन्नया केसरी, वाइश कैप्टन आर्यन शुक्ला, ग्रीन हाउस कैप्टन- अंशिका पाडे तथा वाइस कैप्टन कन्हैया लाल आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। स्कूल की प्रबंधक डा मिश्रा ने बताया कि अपने अपने बैच को लेने के बाद बच्चें ने दीपक के समक्ष उनके नैतिक कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई गई। स्कूल के उप-प्रधानाचार्य सृजन मिश्रा ने सभी बच्चों को शैश वितरित करते हुए उनके कर्तव्य और शपथ के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में जुबेरिया इबकार, सत्यम सिंह राजपूत, अंकुर सिंह, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

### जख्मी लॉज मालिक ने चार पर दर्ज कराया मुकदमा

**प्रयागराज।** राजापुर में गोली लगने से जख्मी लॉज मालिक ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों की तलाश में छापामारी की लेकिन कोई ? पकड़ा नहीं गया। पुलिस उनके परिचितों को बुलाकर पूछताछ की। घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।राजापुर निवासी लॉज मालिक पंकज भारतीय ने पुलिस को बताया कि 26 मई की शाम 7:20 बजे वह अपने साथी नानू भारतीया के साथ बाइक से जूस पीने जा रहा था। गोल्टू पान की दुकान के सामने पहुंचा तभी पहले से घात लगाए शहबाज अली, उसका भाई शनान, रिसायत अली उर्फ गड्डूव सलमान अली उर्फ गोलू ने हमला कर दिया। उस पर फायरिंग कर दी। जिससे गोली लगने से वह जख्मी होकर गिर गया। सिर और पेट में गोली लग गई। हमलावर गाली देते हुए भाग निकले। स्थानीय लोगों की मदद से पंकज को एसआरएन में भर्ती कराया गया। एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय ने बताया कि हमलावरों की तलाश में छापामारी चल रही है।

## करछना के पचदेवरा में सांड़ के हमले से वृद्ध किसान की मौत, गांव में दहशत

**करछना।** सांड़ के आतंक से किसान बहुत परेशान है जहां अन्ना पशु किसानों की खेती के लिए खतरा बने हुए है वहीं अब किसानों की भी जान लेना शुरू करदिया है । करछना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामसभा पचदेवरा में रविवार को करीब ११ बजे दिन में अन्ना साड़ के हमले से एक वृद्ध किसान की मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार पचदेवरा गांव निवासी सूर्य प्रकाश शुक्ला उर्फ मल्लू उम्र ७० वर्ष पुत्र जमुना प्रसाद शुक्ल अपने घर के सामने बैठे अन्ना जानवरों से घर की देख-रेख कर रहे थे तभी अचानक बाग की ओर से सफेद रंग का सरफिरा सांड़ आकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया । उनहें गोबर के ढेर में दबा दिया जब तक घर वाले तथा आस-पास के लोग दौड़ते तब तक सांड़ वृद्ध को घायल कर भाग चुका था आनन- फानन में परिजन घायल को पास के अस्पताल में ले गये जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी । मृतक के तीन बेटे और एक बेटी है। सबकी शादी हो चुकी है। मृतक का परिवार खेती किसानी करके जीवन यापन करता था। लोगों ने बताया की यह हमलावर सांड़ अब तक अभिवर्ष, फारुख सहित दर्जनों लोगों को घायल कर चुका है।

### फांसी लगाकर मजदूर ने दे दी जान

**नवाबगंज।** थानाक्षेत्र स्थित दुबरा जगदीशपुर गांव के सुरेन्द्र यादव के घर पर मध्यप्रदेश के मजदूर 24 वर्षीय मनोज कुमार ने रविवार दिन में मजदूरी की और रात करीब नौ बजे पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर रात में नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चचेरी मौसी के बेटे मुलायम सिंह ने मामले की तहरीर पुलिस को दी।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

**प्रयागराज।** क्षेत्र के भरहा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर रविवार रात करीब नौ बजे एक अज्ञात का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया किंतु शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने रात में ही शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक नीले रंग की लुंगी और सफेद शर्ट पहना था। उम्र लगभग 50 के करीब थी।

## अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर सीएचसी रामनगर व मेजा में किशोरियों को माहवारी के प्रति किया गया जागरूक



**मेजा।** अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर सीएचसी रामनगर में चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो के तहत किशोरियों को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं से निपटने व माहवारी संबंधित जानकारी दिया गया। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में तैनात आरके एसके ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनोज कुमार द्वारा किशोरियो को माहवारी स्वच्छता पर विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही साथ उसका कैसे उपयोग करना है एवं उसका निस्तारण कैसे करना है इसके बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किया गया। इसी प्रकार सीएचसी मेजा के अधीक्षक डा बबलू सोनकर के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किशोरियों को अगरुक करते हुए सेनेटरी नैपकीन आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सी एच ओ शिखा रिंकी, एएनएम प्रियंका, संगनी श्वेता पटेल ,आशा में प्रतिभा, सीमा ,गेंदा आदि उपस्थित रही।

### पांच जून से शुरू होगी परीक्षा, 968 पदों पर भर्ती के लिए तीन दिन होंगे एग्जाम

**प्रयागराज।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जूनियर इंजीनियर (जेई) भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। प्रवेश पत्र का लिंक एसएससी मध्य क्षेत्र प्रयागराज की वेबसाइट ँ३३ऋ२ः//६६६.२२_१.ङ्क१ॅ पर जारी किया गया है। इस लिंक के जरिए अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र का शहर और शिफ्ट जान सकते हैं। परीक्षा के चार दिन पहले यह लिंक अपडेट होगा, तब उसमें केंद्र नाम आ जाएगा और अभ्यर्थी उसे डाउनलोड कर सकेंगे।केंद्र सरकार के विभागों और मंत्रालयों में जूनियर इंजीनियर के 968 पदों पर भर्ती का विज्ञापन एसएससी ने 28 मार्च 2024 को जारी किया था। सबसे अधिक पद बॉर्डर रोड आर्गनाइजेशन में सिविल जेई के 438 हैं। वहीं केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में सिविल जेई के 217 और इलेक्ट्रिकल जेई के 121 पद हैं। इसके अलावा अन्य विभागों के पद हैं। इन पदों के लिए 18 अप्रैल तक आवेदन लिया गया था। रिक्त पदों के सापेक्ष देशभर से 4,83,557 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। पहले यह परीक्षा चार, पांच और छह जून को करानी थी। लोकसभा चुनाव के चलते इसकी परीक्षा एक दिन टलते हुए पांच, छह और सात जून को कराई जाएगी। यूपी और बिहार के अभ्यर्थियों के लिए एसएससी मध्य क्षेत्र की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध है। ऐसे ही एसएससी के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों से भी प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा देशभर में एक साथ होगी। जेई पद के लिए दो परीक्षा होगी। इस परीक्षा के सफल अभ्यर्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे। एसएससी मध्य क्षेत्र के निदेशक राहुल सचान ने बताया कि सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षा में कोई सेंधमारी न कर सके, इसलिए केंद्र का नाम चार दिन पहले बताया जाएगा।

## तालाब में डूबकर युवक की मौत

**बारात करने के लिए रिश्तेदारी में आया था युवक, बारात निकलने से पहले हुआ हादसा**

**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना अंतर्गत माधोराम का पूरा गांव में सोमवार को जहां एक तरफ बारात की तैयारी हो रही थी तो वहीं दूसरी तरफ एक युवक की तालाब में डूब कर मौत हो जाने से उसकी अर्थी सजने की भी तैयारी होने लगी। ऐन वक्त पर अकाल मौत से दो गांवों में कोहराम मच गया।उतरांव थाना क्षेत्र के याकूबपुर गाँव निवासी बुल्ले पटेल का बेटा सुधांशु पटेल 17 वर्ष सराय ममरेज थाना क्षेत्र के माधो राम का पूरा गांव में रिश्तेदारी गया था। वहाँ बसंत लाल पटेल के बेटे राजेश पटेल की आज गुलरा बारात जानी है। इसलिए सुबह से ही एक तरफ डोली सजने की तैयारी हो रही थी तो वही रिश्तेदारी में गया सुधांशु पटेल गांव के ही तालाब में नहाने लगा। अचानक गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूब कर मौत हो गई। वही याकूबपुर गाँव युवक के घर के लोगों को जानकारी हुई तो दहाड़े मार कर रोने लगे। एक तरफ जहां डोली की तैयारी हो रही थी तो सुधांशु की मौत से उसकी अर्थी की भी तैयारी होने लगी।

**सुधांशु दो भाई एक बहन में बड़ा भाई था**

शादी की सारी खुशियों काफूर हो गई। मौके पर घर के लोग पहुँच कर शव को याकूबपुर गाँव लाकर युवक का आये। सुधांशु दो भाई एक बहन में बड़ा भाई था। अचानक मौत से घर वालों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। मौत की सूचना पर बुल्ले के घर भारी भीड़ जमा हो गयी। मुंह बोले बेटे की अचानक मौत से मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

### पत्नी के वियोग में युवक ने फांसी लगाई

**प्रयागराज।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सांगीपुर में अमृतलाल सरोज ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली। उसके भाई जीतलाल ने बताया कि उसकी मां सोमवार दोपहर खाने की थाली लेकर गई अमृतलाल रस्सी का फन्दा लगाकर लटका था। परिजनों ने बताया कि अमृतलाल को स्मैक का आदी था। जिसके कारण उसकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके गंजिया तुलीपुर चली गई थी।

## न्यूज झरोखा

### चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर डॉ आनंद सिंह को प्रयागराज कमिश्नर ने किया सम्मानित



**करछना।** डॉ आनंद कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह निवासी करछना प्रयागराज को 27 मई 24 को प्रयागराज रतन अवार्ड से कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान एवं गरीब लोगों की सहायता एवं रक्तदान के लिए दिया गया डॉ आनंद कुमार सिंह यह अवार्ड अपनी पुत्री अदविका के साथ लेने पहुंचे डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा आगे और अपने देश और समाज के लिए कार्यकर्ता रहूंगा ,तथा उनके द्वारा इस कार्य पर करछना ग्राम वासियों समेत ईष्ट मित्रों एवं गणमान्य लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं सहित शुभकामनाएं दी हैं।

### बड़ा मंगलवार : हनुमान जी की पूजा कर भक्तों में हुआ प्रसाद का वितरण



**सहसों।** सनातन धर्म में प्रत्येक दिन विशिष्ट देवता को समर्पित होता है। मंगलवार का दिन संकट मोचन हनुमान जी को समर्पित है। मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा आराधना करना विशेष रूप से शुभ माना गया है। इस मौके पर विप्र समाज के सचेतक एवं वरिष्ठ विचारक पंडित शम्भूनाथ तिवारी ने बताया कि इसमें ज्येष्ठ मास के पहले मंगलवार का विशेष महत्व है। इसलिए इसे बड़ा मंगल तथा गंवई भाषा में कहा जाए तो बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की पूजा अर्चना से भक्तों की रक्षा स्वयं हनुमान जी करते हैं। भक्तों को बुद्धि, ज्ञान और बल का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस दिन हनुमान जी की पूजा आराधना के साथ ही उनकी प्रसन्नता के लिए भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की जाती है। इसी प्रकार सहसों निवासी समाजसेवी यशवंत सिंह ने परिवार समेत एवं सहयोगियों के साथ हनुमान जी की पूजन अर्चन एवं आराधना आरती के पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुन्य के भागी बने। यशवंत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 वर्षों से अनवरत चलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हनुमान जी की कृपा ऐसे ही बनी रही तो आगे भी यह आयोजन चलता रहेगा। इस मौके पर रमेश कुमार पाल, तीरथ यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### घर में आग लगने से दो भैंस और आठ बकरियां जल का खाक

**कोरांव।** इस समय आग की घटनाओं से जान माल की क्षति में इजाफा होता दिख रहा है। ग्राम नीबी थाना खीरी में मल्लाह बस्ती निवासी राजा राम पुत्र दया शंकर बिंद के घर में अज्ञात कारणों से दोपहर आग लग गई जिससे उनकी एक भैंस और उसका बच्चा तथा घर में ही बंधी आठ बकरियां बुरी तरह जल कर भस्म ही गईं। हृदय विदारक घटना से लोग दुखी दिखे। इसके अतिरिक्त घर गृहस्थी का भी सारा सामान जल कर खाक हो गया। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और राजस्व कर्मी ने जायेगा लिया और अग्रिम कार्यवाही की।इसी प्रकार ग्राम विरहा थाना कोराव में राजकुमार हरिजन की गोमती और मडहा में शंकर पेट ल पुत्र राम गोपाल ने आग लगा दी जिससे नुकसान हुआ। ग्रामीण यदि आग न बुझाते तो दमकल और पुलिस के इंतेजारी करते तो पूरे गांव में तेज हवा गर्म के कारण आग लग जाती और अप्रिय घटना घट जाती। पीड़ित ने थाना कोरांव में नामजद रिपोर्ट शंकर पटेल के विरुद्ध दी है। और कार्यवाही की मांग किया है।



### नैनी में सामाजिक कार्यकताओं ने की प्याऊ की व्यवस्था



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सामाजिक कार्यकताओं ने की पानी पिलाने की प्याऊ की व्यवस्था संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने बताया की जिला प्रशासन नगर निगम प्रशासन के द्वारा कोई व्यवस्था इस भीषण गर्मी में चौराहों पर पानी कि नहीं की गई व्यवस्था इसलिए सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला संजय श्रीवास्तव के प्रयास से कई चौराहों पर पानी की व्यवस्था की गई आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा नगर निगम प्रशासन एवं जिला अधिकारी महोदय कृपया तत्काल हर चौराहों पर पानी प्याऊ की व्यवस्था करने की कृपा करें बहुत ही भीषण गर्मी होने के कारण ग्रामीण परेशान नजर आते हैं इसलिए पानी की व्यवस्था हर चौराहे पर होनी चाहिए।

### डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक 9 जून को

**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज के साधारण सभा 2023-24 की वार्षिक बैठक आगामी 9 जून को प्रातः 10 बजे स्थानीय मेजारोड स्थित गर्ग गेस्ट हाउस खानपुर सोरांव,मेजारोड में संपन्न होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आरपी शुक्ला ने सभी संबद्ध इकाईयों, प्रबंध समिति, उपकार्यकारी समिति तथा सभी आजीवन सदस्यों से उपरोक्त निर्धारित समय पर पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील किया है।

### बदमाशों ने तमंचा सटाकर छीनी नकदी

**प्रयागराज।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के ढेराहनी अचलपुर निवासी अभिषेक मिश्रा एक कम्पनी में काम करता है। रविवार देर शाम बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही मऊआइमा के कल्याणपुर चौकी के बालाडीह गांव के सामने पहुंचा था बाइक सवार चार बदमाशों ने तमंचा सटाकर मोबाइल व तीन हजार रुपये छीन लिए। शोर सुनकर जब तक आस पास के लोग इकट्ठा होते बदमाश फरार हो गए।

### हंडिया के रजिस्ट्री कार्यालय में मारपीट

**प्रयागराज।** तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय में आए दिन अराजकता का माहौल रहता है। क्रय विक्रय करने वालों में या फिर फीस लेनदेन को लेकर मारपीट होती रहती है। सोमवार को भी दो पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी जिससे भगदड़ मच गई। दफ्तर के कर्मचारी कार्यालय में छुपकर अपनी जान बचाते नजर आए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने गई।

# महाकुंभ के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति समीक्षा मंगलवार मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता तथा मेला अधिकारी विजय किरण आनंद एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण करने के अतिरिक्त सभी परियोजनाओं की पर्ट चार्ट के सापेक्ष प्रगति की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नगर निगम, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, पर्यटन विभाग, मेडिकल कालेज, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय परियोजनाओं पर बिंदुवार चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी विभागों को प्रगतिशील कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए गुणवत्ता में लापरवाही कर रहे ठेकेदारों का चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। इसी क्रम में जिन भी कार्यों कि टेंडर प्रक्रिया शेष है उसे शीघ्र पूर्ण करते हुये संबंधित कार्यों को स समय प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। शहर के चिह्नित सभी मार्गों एवं ट्रैफिक जंक्शनों पर जहाँ भी सौंदर्यीकरण का कार्य होना है उसे शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। जनपद में वायु प्रदूषण को रोकने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को किसी भी दशा में अपना मलबा रोड पर न छोड़ने के निर्देश दिए तथा सभी विभागों को सीएनडी वेस्ट से नगर निगम द्वारा बनाई जा रही टाइल्स का यथासंभव प्रयोग करने हेतु भी प्रेरित किया गया।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने रामबाग में चल रहे दुबई कार्निवाल मेले के प्रबंधक को समस्त अनापत्ति प्रमाणपत्रों के साथ 29 मई को उपस्थित होने के लिए कहा

**प्रयागराज।** गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में हुए अग्निकांड में 35 लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई थी ' प्रयागराज में रामबाग में दुबई कार्निवाल मेले का आयोजन किया जा रहा है, इसके संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा संज्ञान लेते हुए एक नोटिस भेजी गई है कि मेले के संचालन हेतु प्रबंधक द्वारा फायर विभाग,प्रदूषण विभाग, पुलिस विभाग, जल विभाग, जिला प्रशासन व अन्य सभी आवश्यक विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र के विषय में समस्त प्रपत्रों के साथ दिनांक 29.5.2024 को प्रातः 10:00 बजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के कक्ष में उपस्थित हो। यह जानकारी श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर संगम स्थित श्री बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** संगम स्थित लेटे बड़े हनुमान मंदिर में भव्य श्रृंगार हुआ। बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलवीर गिरी महा आरती की। वहीं महाप्रसाद का भोग भी लगाया गया। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के तमाम मंदिरों में भव्य आयोजन किया गया। श्री बड़े हनुमान मंदिर में विशेष पूजन और श्रृंगार हुआ। मंदिर को फूलों हर भव्य सजाया गया। साथ ही बड़े हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला काल में श्री बड़े हनुमान जी का अभिषेक और आरती की गई। गर्मी को देखते हुए शरबत का भंडारा चलाया गया। ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार पर श्री बड़े हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। देर शाम तक मंदिर में भीड़ लगी रही। शाम साढ़े चार बजे मंदिर में महाआरती की गई। इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड का पाठ का आजोजन हुआ। वहीं, भक्तों को धूप से बचाने के लिए टेंट की भी व्यवस्था की गई थी। महंत बलबीर गिरी ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर में लेटे बजरंग बली को प्रयागराज के नगर कोतवाल के रूप में माने जाते हैं। जेठ मास का पहला और बड़ा मंगलवार है। संगम स्थित लेटे बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का जनसैलाब दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ा है। सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में लगे भक्ति अपनी मनोकामना लेकर हनुमान जी महाराज से मन्नते मांग रहे हैं। बड़ा मंगलवार होने के वजह से हनुमान मंदिरों को सजाया गया है। भगवान 56 भोग लगाकर आरती की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार का विशेष महत्व होता है। इसे बड़ा मंगल भी कहा जाता है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह में चार बड़े मंगल रहा रहे हैं। इस पावन दिन हनुमान जी की विशेष पूजा- अर्चना करना चाहिए। बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की व्रत-पूजा अचूक मानी जाती है। हिन्दू मान्यता के अनुसार इस दिन बजरंगबली को चोला चढ़ाने, दान पुण्य करने से हर तरह की बाधा दूर होती है। बड़ा मंगल के दिन बिधि विधान से हनुमान जी की पूजा करने से आर्थिक मानसिक और शारीरिक पीड़ा से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी की पूजा- अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इसी मान्यता को लेकर बड़े हनुमान मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में भक्त पूजा अर्चना में लीन हैं।

# चलती कार में लगी आग,बाल बाल बचे कार सवार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मंगलवार को भीषण गर्मी ने पूर्व के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर दिया। पारा 48 डिग्री सेल्सियस पहुंचते ही जमीन पर आग बरसने लगी। अलोपी बाग चुंगी से झूंसी की ओर जा रहा आर्टिका कार शास्त्री पुल से चंद कदम पहले पहुंचा कार धूं धूं कर जलने लगा। आग लगने की आहट मिलते ही चालक ने होशियारी दिखाते हुए कार सवार 6 लोगों को नीचे उतार कर फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंच गई किंतु तब तक कार जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक धीरज शुक्ला निवासी मेजा शुकुल पुर अपने परिवार के साथ कार से किसी काम से झूंसी जा रहे थे। चालक रोशन सिंह कार चला रहा था। अलोपीबाग चुंगी से जैसे ही कार शास्त्री पुल की ओर आगे बढ़ा चालक तो चालक को अनहोनी की आशंका हुई। चालक कार से उतरकर देखा कि शार्ट सर्किट से साइलेंसर में आग लग गई है। कार से लगातार धुआं उठने लगा तो चालक ने होशियारी दिखाते हुए गाड़ी किनारे लगाकर कार में सवार सभी लोगों को नीचे उतार दिया। कार चालक ने तत्काल फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की जानकारी दी । देखते ही देखते कुछ ही देर में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दारागंज पुलिस ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया किन्तु तब तक कार जलकर खाक हो गई।

# विकास कार्यों की नगर आयुक्त ने की स्थलीय समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मंगलवार को नगर आयुक्त द्वारा अम्बरीश कुमार बिन्द, अपर नगर आयुक्त, सतीश कुमार, मुख्य अभियन्ता, अजीत कुमार, अनिल कुमार मौर्या, नजमी मुजफ्फर अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता नगर निगम प्रयागराज के साथ महाकुम्भ 2025, अवस्थापना विकास निधि, 15 वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो की औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान पाया गया कि महाकुम्भ 2025 के अन्तर्गत स्वीकृत मुख्य न्यायाधीश आवास से सिविल लाइन्स जी0पी0ओ0 होते हुये लाल बहादुर शास्त्री मार्ग के सुधार कार्य के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ठेकेदार को सूचना देने के उपरान्त भी स्थल पर उपस्थित नही हुये। स्थल पर कुल-25 श्रमिकों द्वारा कार्य कराये जा रहें है। स्थल पर कार्य की प्रगति धीमी है। एकलव्य चौराहे के पास डी0जी0बी0एम0 का कार्य कराया गया है जिसमें डी0जी0बी0एम0 की जॉच की गयी जो आगणन प्रावधानित मानक 50 उउ के सापेक्ष 10 पायी गयी। कार्य के अधोमानक होने के कारण मेसर्स बृजेश सिंह के ऊपर रू0-02.00 लाख अर्थदण्ड आरोपित करते हुये काली सूची में सम्मिलित किये जाने एवं सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये गये है। महाकुम्भ 2025 के अन्तर्गत स्वीकृत जानसेनगंज चौराहा से रेलवे स्टेशन होते हुये डी0एस0ए0 ग्राउण्ड चौराहा तक सड़क सुधार कार्य का निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है स्थल पर मात्र 18 श्रमिक कार्यरत थे, जिससे कार्य की प्रगति धीमी है। कार्य की प्रगति बढाने के लिये कार्य को दो शिफ्टों में कराये जाने एवं दो स्थल पर कार्य कराने हेतु सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/ मेसर्स आदित्य इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। यदि 03 दिवस में कार्य की प्रगति नही बढायी जाती है तो अर्थदण्ड आरोपित करते हुये डिबार किये जाने हेतु मेसर्स आदित्य इण्टर प्राईजेज को कारण बताओ नोटिस निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अवास्थापना विकास निधि के अन्तर्गत स्वीकृत बमरौली में प्राथमिक विद्यालय तक वर्षा जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त कार्य कराया जा रहा है उसमें वर्क मैन सीप ठीक नही है। स्थल पर स्टील का ज्वांइट में मानक के अनुसार च्तवचमत संचसमदहीज नही दी गयी है। त्ब्ब में कहीं-कहीं भ्वदलबवउइ की दिखाई पड़ रही है। कांक्रिट में कहीं-कहीं ईंट के टुकड़े दिखाई पड़ रहें है, जिनकों ब्ंजपदह के समय श्रमिक द्वारा निकाला नही गया है। नाले के समय टपइतंजवत का प्रयोग किये जाने के निर्देश दिये गये है। 15 वॉ वित आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत वार्ड 82 के अन्तर्गत कसारी मसारी में एस0डी0एम0 चौराहा से अली चौराहा होते हुए एम0जेड0 हादी तक सड़क पटरी नाली कल्वर्ट का निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि साईड पटरी पर सी0सी0 टाईल्स के नीचे जी0एस0बी0 की मात्रा मानक से कम पायी गयी है। सड़क निर्माण कार्य में - आगणन मे प्रावधानित मानक 75 के सापेक्ष 65-70 पायी गयी, जिसके कारण मेसर्स एस0के0 आशियाना प्राईवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये।

# उचक्कों ने खड़ी ट्रेलर से 50 हजार नगदी से भरी बैग उड़ाया

## सीसीटीवी कैमरा फुटेज में पुलिस ने देखी पूरी घटना



**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र में छिनैती और उच्चको की टीम के पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। लगातार घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मंगलवार के दिन दोपहर को भी गिट्टी से लदी ट्रेलर इरादतगंज बाजार के हाईवे पर चालक खलासी खड़ी कर अपने केविन में सो रहे थे कि एक उच्चके ने केविन में 50हजार रूपए नगद और 12हजार कीमत की मोबाईल और कपड़े से भरे बैग उठा लें गए। सूचना पर उप निरीक्षक अमित पुलिस बल के साथ पहुंच जांच पड़ताल की और पास के अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की पड़ताल की तो उसमें दिखा कि एक युवक खड़ी ट्रेलर को तीन राउंड घूमा और खिड़की खोलकर अंदर घुस बैग लेकर पैदल ही इरादतगंज नो एंट्री प्वाइंट की तरफ आगे जाते दिखा। उसकी फुटेज पुलिस ने ले ली है। कुछ देर बाद पुलिस ने चालक खलासी से कहा कि आसपास तलाश करो तो चालक खलासी ने घटना से 50मीटर आगे रेलवे ट्रैक की तरफ गए तो बैग की एक पालीथिन दिखाई पड़ी तो पुलिस के साथ पास के खंडहर घर के अंदर घुसे तो बिखरे हुए बैग मिला। जिसमे से नगदी और मोबाईल और कागजात गायब था। सिर्फ कपड़े सुरक्षित मिले। रीवा जनपद के बैकुंठपुर थाना के पलहान गांव निवासी चालक मोहित साहू पुत्र राम खेलावन साहू व खलासी बालमुंद साहू ने बताया कि कटनी से ट्वंटी गिट्टी लादकर गोरखपुर के बड़हलगंज जा रहा था नो एंट्री की वजह से उक्त स्थान पर खड़ी कर सो गया और घटना हो गई। बताया कि एक लाख 15हजार रूपए मिला था। जिसमे टायर फट जानें से नया टायर लगवा दिया था। जिसमे से 50हजार रूपए बचा था। जो बैग में था जिसे उच्चके उठा ले गए। उक्त बावत थाना प्रभारी केशव वर्मा ने बताया कि जानकारी मिली है ट्रेलर खड़ी कर केविन में सो रहे चालक के पास से 50हजार नगदी से भरे बैग चोरी हो गई। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज में घटना देखी गई है। लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पा रही है।

## अल्लापुर से लापता युवक की रेल ट्रैक के पास मिली लाश

**प्रयागराज।** अल्लापुर से लापता हुए एक युवक का शव सोमवार को रेलवे लाइन के किनारे मिला। उसका शव सड़ने लगा था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम और खोजी कुत्ता की मदद से जांच की। पुलिस को शक है कि ट्रेन की चपेट में आने से वह रेलवे लाइन किनारे गिर गया। सिर पर लगी अंदरूनी चोट जानलेवा साबित हुई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने हंगामा किया और सीबीआई जांच की मांग की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। संजय नगर अल्लापुर निवासी 26 वर्षीय सुरेश सरोज कब्र खोदने का काम करता था। बताया जा रहा है कि 25 मई को वह घर से निकला लेकिन इसके बाद से उसका पता नहीं चला। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार सुबह किसी ने घर के पास ही रेलवे लाइन के किनारे सुरेश का शव देखकर शोर मचाया। पुलिस भी पहुंच गई। जार्जटाउन पुलिस की मानें तो सुरेश नशा करता था। शव भी करीब दो दिन पुरानी लग रही थी। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुरेश अपने पीछे पत्नी शिवानी और दो बच्चों को छोड़ गया है।

# 34 गोवंशों के साथ तस्कर धराए मुकदमा हुआ दर्ज

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** थरवई थाना अंतर्गत हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे पर भोपतपुर सहसों टोल प्लाजा के पास विहिप गौरक्षा के प्रांत मंत्री ने 34 गोवंशजो के साथ दो कसाइयों को कंटेनर सहित पकड़ा पुलिस के हवाले किया जिसमें कसाइयों द्वारा हमले में गोरक्षा प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा के प्रांत मंत्री को बीती रात सूचना मिली कि कसाई कानपुर से कंटेनर में गोवंशजो को लादकर पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जा रहे हैं। उक्त सूचना पर गौरक्षक सचल दस्ते के साथ प्रांतमंत्री भोपतपुर सहसों टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर कंटेनर को दबोच लिए ' कंटेनर्स के साथ चल रहे कार सवारौ कसाइयों ने कंटेनर चालक को चिल्लाकर कहाकी गाड़ी चढ़ाकर जान से मार दो और दोनों चालकों ने विश्व हिंदू परिषद, गौरक्षा के प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी को जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की जिससे वह काफी दूर तक घसीट गए और उन्हें काफी चोटें आई और कंटेनर से तीन लोग कूदकर लखरावा गांव की तरफ भागे जिस पर पुलिस कंट्रोल रूम प्रयागराज को सूचना दी गई कुछ ही देर में एसीपी हंडिया, एसीपी सोरांव, प्रभारी निरीक्षक सराय इनायत, हंडिया, सोरांव, नवाबगंज व थरवई की पुलिस घटनास्थल पर डेढ़ घंटे बाद पहुंची और गाड़ी से कूदकर भागे कसाइयों को खोजना शुरू किया लगभग 2 घंटे बाद कई थानों की पुलिस व गौरक्षक सचल दस्ते के कार्यकताओं के खोजने के पश्चात एक चरी के खेत में छुपकर बैठे दो कसाई मोहम्मद यामीन जनपद रामपुर व कल्लू जनपद शाहजहांपुर पकड़े गए और तीन लोग मौके से फरार हो गए। पकड़े गए कंटेनर को गोहरी गौशाला ले जाया गया जहां एक गाय मृत्यु व 10 जिंदा गाय तथा 23 बैल जो कंटेनर में हाथ, पैर, मुंह बांधकर रखे गए थे उतरे गए। विश्व हिंदू परिषद, गौरक्षा के प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी ने प्रभारी निरीक्षक थरवई को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कसाइयों पर कड़ी कार्रवाई हेतु कहा लेकिन प्रभारी निरीक्षक थरवई अपने तरफ से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अड़े रहे जबकि प्रांत मंत्री व सचल दस्ते के कार्यकताओं का कहना था कि इतनी मेहनत करने के पश्चात जान जोखिम में डालकर कसाइयों को हमने पकड़ा है इसलिए प्राथमिकी मेरे तरफ से दर्ज होनी चाहिए जिसके चलते विहिप कार्यकताओं व प्रभारी निरीक्षक थरवई तथा एसीपी थरवई से काफी नोकझोंक हुई। मामले में थाना अध्यक्ष थरवई अरविंद गौतम के अनुसार संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पकड़े गए तस्करों को जेल भेज दिया गया है ' इस मौके पर गौरक्षक सचल दस्ते में विष्णु स्वामी, वेद मणि तिवारी, विजय पांडे, श्याम जी, रोहित जी, दीपक द्विवेदी, चंद्रशेखर, निकेत व पिंटू सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनपद न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदार वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा निस्तारण संगोष्ठी के माध्यम से लोक अदालत में आधिकाधिक वादों के निस्तारण हेतु सभी संबंधित विभागों को किया गया निर्देशित उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 13.07.2024 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदार वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा ' समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा ले जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके ' उक्त के अनुक्रम में आज दिनांक 28.5.2024 को नोडल अधिकारी रविकांत -द्वितीय एडीजे /एफटी सी की अध्यक्षता में मुख्य राजस्व अधिकारी व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई ।जिसमें लोक अदालत में आधिकाधिक वादों के निस्तारण हेतु राजस्व से संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया गया ।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैंक के प्री लिटिगेशन से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु नोटिस पर बल देते हुए आधिकारिक वादों के निस्तारण पर बल दिया गया ।यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव /अपर जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# अपर सचिव, बीएसए, उप सचिव को किया गया सम्मानित

## विद्यावती यादव स्मारक महर्षि कृष्ण इण्टरमीडिएट कालेज हण्डिया के प्रधानाचार्य डॉ. हरि प्रकाश यादव ने किया सम्मानित



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर बोर्ड के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। विद्यावती यादव स्मारक महर्षि कृष्ण इण्टरमीडिएट कालेज हण्डिया के प्रधानाचार्य डा हरि प्रकाश यादव ने आज शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों को सम्मानित किया। इसमें यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने और शीघ्र परिणाम घोषित करने पर यूपी बोर्ड प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव और बोर्ड मुख्यालय की अपर सचिव प्रशासन विभा मिश्रा यूपी बोर्ड मुख्यालय के अपर सचिव सत्येन्द्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी और यूपी बोर्ड मुख्यालय के उप सचिव देवव्रत सिंह को अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अपर सचिव विभा मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में बोर्ड परीक्षाओं को और बेहतर तरीके से संपादित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यावती यादव स्मारक महर्षि कृष्ण इण्टरमीडिएट कालेज का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम इस बार बहुत अच्छा था इसके लिए प्रबंधतंत्र प्रधानाचार्य और शिक्षक बधाई के पात्र हैं। अपर सचिव विभा मिश्रा ने कहा कि उम्मीद ही नहीं पूरी संभावना है कि अगले वर्ष के बोर्ड परीक्षा का परिणाम और बेहतर होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र एकजुट के आय व्यय निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह देवराज सिंह मिथलेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## आशु के हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**प्रयागराज।** कीडगंज पुलिस ने आशु निषाद की हत्या करने वाले आरोपी पीयूष निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल आलाकत्ल बरामद कर लिया है। पुलिस को लोहे की रॉड, डंडा और हॉकी स्टिक मिली है। फरार छह अन्य आरोपियों की तलाश जारी है ।अरैल मोड़, नैनी निवासीं विनोद निषाद का 30 वर्षीय बेटा आशु निषाद शनिवार को कीडगंज स्थित अपनी बुआ के घर आया था। इस दौरान कॉल करके उसे मौजगिरि आश्रम के पास किसी ने बुलाया। वहीं पर हॉकी स्टिक और लोहे की रॉड से सिर से पीटा गया जिससे वह अधमरा हो गया। जख्मी हालत में पुलिस ने पीयूष निषाद के पास से आलाकत्ल बरामद किया। नामजद अन्य आरोपियों की तलाश में छापामारी एसआरएन अस्पताल में आशु को भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। आशु के पिता ने पीयूष निषाद, सौरभ, सत्यम, सानू, बृजेश, कल्लू और रवि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मुख्य आरोपी पीयूष निषाद को पुलिस ने जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि कुछ साल पहले पीयूष के परिवार में एक व्यक्ति का गला रेत दिया गया था। उसी में आशु की संलिप्तता थी। पुरानी दुश्मनी में आशु को मारा गया।

# सनातन संस्कृति की पहचान ही सेवा की रही है : महापौर गणेश केसरवानी

## ज्येष्ठ मंगलवार पर भाजपाइयों ने बांटे शरबत



**प्रयागराज।** जेयष्ठ मंगलवार के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने मालवीय नगर क्षेत्र में आने जाने वाले राहगीरों के लिए इस बढ़ती हुई गर्मी में शरबत वितरण किया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने मालवीय नगर स्थित हनुमान मंदिर पूजा अर्चन किया तत्पश्चात श्रद्धालुओं एवं आने जाने वाले राहगीरों को शरबत वितरण किया और कहा कि सनातन सभ्यता में हर पर्व समाज को राष्ट्र एवं समाज मानव सेवा के लिए मार्गदर्शन करती रही है और और कल्याण की कामना को लेकर ईश्वर की वंदना अर्चना एवं साधना एवं तपस्या करती रही है और यही कारण है सनातन संस्कृति की पहचान संपूर्ण जगत में सेवा की रही है इस अवसर राजेश केसरवानी,पूर्व वरिष्ठ पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर, मनोज मिश्रा मनमोहन मिश्रा , प्रवीण मालवीय कुलदीप सोनी, अजय श्रीवास्तव मनोज केसरवानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

## अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना तिवारी के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा जारी एस0ओ0पी0 के अनुसार कारागार के बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय, लीगल एड क्लीनिक, पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा तथा उनको दी जाने वाली विधिक सहायता आदि के बारे जानकारी ली गयी।



जिला कारागार का औचक निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश।

इस दौरान बन्दियों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप सुविधायें देने हेतु निर्देशित किया गया। जिला जज द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिये दवा उपलब्ध कराने, महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिये दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया और वहॉ पर भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य और चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान जिला कारागार में स्थित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, डिप्टी जेलर आफताब अंसारी, डाक्टर प्रवीण रजन, डिप्टी जेलर श्रद्धा देवी, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, लालाराम, फार्मेसिस्ट केशरी नंदन उपस्थित रहे।

# 45 डिग्री तापमान में झुलसे प्रतापगढ़वासी

## सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक रहता है लू का प्रकोप

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मतदान हो जाने के बाद राजनैतिक तापमान का पारा तो नीचे आ गया है लेकिन प्राकृतिक गर्मी का तापमान 45 डिग्री पहुंच जाने से कई दिनों से लोग झुलस रहे हैं। हालत यह है कि ऊपरी मंजिल में रहने वाले लोगों को कूलर व एसी भी नहीं काम कर पा रहा है।

सुबह नौ बजे के बाद से शाम सात बजे तक लू चलने से लोगों का बाहर निकलना कम हो गया है। जो लोग किसी आवश्यक कार्य से निकलते भी हैं, वह मुंह और सिर बांधकर निकलते हैं। जिन व्यक्तियों की प्रतिरोधक क्षमता कम या कमजोर है, वह इस गर्मी का शिकार हो रहे हैं। बुखार, दस्त के मरीज बढ़ गये हैं। अब लू चलने से लोगों को खतरा और बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि हर वर्ष से ज्यादा इस वर्ष गर्मी पड़ रही है। वैसे यह ज्येष्ठ का महीना है, इस



गर्मी से मुंह ढककर चलती महिलाएं।

माह में गर्मी तो वैसे भी रहती है। जून के मध्य माह क बाद वर्षा हो सकती है, तभी कुछ राहत मिलेगी। ज्यादातर स्कूल, कालेज बंद हो गये हैं लेकिन कचहरी व बाजार तो लोगों का जाना ही पड़ता है। ज्यादातर लोग शाम हो जाने के बाद सब्जी खरीदने जाते हैं लेकिन आठ बजे रात तक गर्मी की थाह बनी रहती है। चिकित्सकों की राय है कि लोग धूप से बचें, पानी खूब पियें तभी धूप व लू से बचा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय पुरवा हवा चल रही है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। इस भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन असामान्य हो गया है।

# आधा दर्जन प्राइवेट अस्पतालों का अग्नि शमन विभाग ने किया ऑडिट

## मॉक ड्रिल/फायर ड्रिल कराकर लोगों को किया जागरुक



अस्पताल परिसर में फायर ड्रिल कर लोगों को जानकारी देते अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुजरात में टीआरपी गेमिंग जोन सेन्टर में घटित भीषण अग्नि दुघर्टना में बच्चों समेत 25 लोगों की मौत को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आज मंगलवार को शहर के कई प्राइवेट अस्पतालों का फायर ऑडिट कराया। इस दौरान चिकित्सकों, स्टाफ नर्स व लोगों को मॉक ड्रिल कराकर उन्हें जागरुक किया गया।

मंगलवार को नगर के अंसारी नर्सिंग होम, करनपुर कटरा रोड सदर, तान्या हॉस्पिटल, करनपुर कटरा रोड सदर, कुसुम हॉस्पिटल, करनपुर कटरा रोड सदर, आशीर्वाद नर्सिंग होम, कटरा रोड सदर, अपोलो हॉस्पिटल, करनपुर कटरा रोड सदर का फायर ऑडिट मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजू एवं लीडिंग फायरमैन राधेश्याम दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल कराकर डॉक्टर/स्टाफ नर्स/नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्निदुर्घटना ग्रस्त भवन के ऊपरी मंजिल में फंसे व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया तथा एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर फायर एक्सटिंग्यूशर से तथा अन्य प्रायोगिक विधियों से आग बुझाने प्रदर्शन किया गया। एवं गर्मी में लगने वाली आग के कारणों और उससे बचाव की जानकारी दी गयी। इलेक्ट्रिक सेफ्टी के दृष्टिगत विद्युत उपकरणों/ तारों का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराकर विद्युत लोड के अनुसार उपकरणों/तारों को अधिष्ठापित कराकर विद्युत विभाग से विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु संचालक/प्रबन्धक को निर्देशित किया गया।

# बड़े मंगलवार पर हनुमान मंदिर चिलबिला में सुबह से ही भक्तों की उमड़ी भीड़

## पूजन अर्चन व सुंदरकांड का पाठ कर हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



हनुमान मंदिर चिलबिला में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में आज बड़े मंगलवार को सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। हनुमान भक्तों ने श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर रहे थे। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन सिंगर कर आरती उतारी। सुबह से ही सभी भक्तों के लिए शरबत का वितरण किया जा रहा था एवं शाम को सुंदरकांड का पाठ कर भक्तों ने प्रसाद वितरण किया।समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि आज बड़े मंगलवार को मंदिर में स्थापित श्री हनुमान जी महाराज, राम दरबार, माताजी, भगवान भोले शंकर का सिंगार कर भव्य सजावट की गई। शाम को सुंदरकांड का पाठ संपन्न होने पर भक्तों के लिए प्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया गया था। जो हनुमान जी महाराज की कृपा से चलता रहा। सुबह से शाम तक हजारों हनुमान भक्तों ने पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामगोपाल, कपिल देव, शनि महाराज, सोनू महाराज, राकेश कुमार, देवानंद, श्याम बाबू, आशीष कुमार, छोटेलाल सोनी, विजय कुमार, सूरज, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, लालजी, त्रिभुवन लाल,अमन गुप्ता आदि भक्तगण व्यवस्था में लग रहे।

## ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हनुमानजी के स्वरूप में विराजे बाबा घुइसरनाथ

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को पवनसुत हनुमान जी महराज की आराधना का हर जगह उत्सव का माहौल दिखा। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में बाबा हनुमान जी के स्वरूप में विराजे दिखे। महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में बाबा का भव्य श्रृंगार हुआ। वही मंदिर परिसर में हनुमान जी महराज के दर्शन पूजन को भी श्रद्धालु उमड़े दिखे। लालगंज बाजार में भी जगह जगह हनुमान भक्तों ने राहगीरों के लिए शरबत का प्रबन्ध किया। चैक पर पवन जायसवाल व ज्ञानचंद्र मोदनवाल तथा सूर्य नारायण मार्केट में राजेश मिश्र के संयोजन में श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया गया। पहले मंगल को नेशनल हाइवे के समीप श्रीहनुमत निकेतन में भी श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महराज के समक्ष दीप जलाये। कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम में पंचमुखी हनुमान जी महराज का पूजन अर्चन हुआ।

# बेजुबानों की प्यास नहीं बुझा पा रहा है अमृत सरोवर

## मनरेगा से बने तालाबों में उड़ रही धूल, कैसे होगा जल संरक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी व तापमान को देखते हुए प्रशासन मनरेगा से बने सभी तालाबों में पानी भरवाने का आदेश दिया है, लेकिन यह आदेश स्थानीय अधिकारियों पर शायद लागू नही होता है।यहां जिम्मेदारों की मनमानी की वजह से तालाबों में धूल उड़ रही है। सूखे पड़े अमृत सरोवरों से जहां बेजुबानो को गला तर करने के लिए निराश होकर लौटना पड़ रहा है, वहीं लापरवाही के चलते जल संरक्षण का संभव होना भी असंभव दिखाई दे रहा है।

स्थानीय विकास खंड में इस गर्मी माह में गावो में बने अमृत सरोवर दूसरो की प्यास बुझाने की जगह खुद प्यासे दिखाई दे रहे है। सूखे पड़े सरोवर से बेजुबान निराश होकर प्यासे लौट रहे है। पशु-पक्षी इस भीषण गर्मी व उच्च तापमान में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं वहीं प्रशासन मौन साधे हुए है। जब कि शासन द्वारा अमृत सरोवर का मुख्य उद्देश्य है कि देश में तेजी से घट रहे जल स्तर को बनाए रखना। इसके लिए सरकार ने 24 अप्रैल 2022 को इस योजना की शुरुवात की थी। 15 अगस्त 2022 के पहले ही इसे पूर्ण करने का लक्ष्य था। लोगों की मानें तो कुछ गावों में तो अभी भी अमृत सरोवर अधूरे ही पड़े है। गर्मियों में बेजुबानों को पानी की ज़रूरत के साथ जल स्तर को बनाए रखने की है तो तालाबों में धूल उड़ रही है। वहीं सभी तालाब जलमग्न रहे ऐसा ही शासन का आदेश है, लेकिन यहां तो जिम्मेदार लोग पानी भरवाना ही भूल गए है। आखिर इस तरह की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा जल स्तर को बनाए रखने के साथ लावारिश बेजुबानों की प्यास का बुझ पाना संभव नहीं दिखाई दे रहा है। इस संबंध में एसडीएम से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी।

## जबरन मोटर खोल ले जाने का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के परसंडा गांव के रहने वाले दिनेश चंद्र उपाध्याय ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने खेत की सिंचाई के लिए बिजली का मोटर लगा रखा था। जिसे गांव का एक दबंग किस्म का व्यक्ति जबरन खोल लिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पर की। पुलिस इस मामले की जांच ही कर रही थी कि अब वह उसे उसी के खेत में धान की बेरन डालने से रोक दिया है। उसने धमकी दिया है कि यदि खेत में धान की बेरन डाली जाएगी तो दवा डालकर उसे सुखा देगा। पीड़ित ने मामले की लिखित तहरीर थाने पर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक सिंह का कहना है की प्रार्थना पत्र मिला है। जांच की जा रही है।

# त्रिपुरारी धाम का परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल द्वारा कटरा रोड फुलवारी त्रिपुरारी नगर में निर्मित त्रिपुरारी धाम का फीता काटकर उदघाटन किया गया। त्रिपुरारी पाण्डेय के आमंत्रण पर राष्ट्रीय परशुराम सेना अध्यक्ष अपनी सेना की टीम के साथ पहुंच कर धाम का उदघाटन किया। वहाँ पर उपस्थित त्रिपुरारी पाण्डेय एवम उनके छोटे भाई विभूति पाण्डेय ने भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति लगाने हेतु अपनी भूमिधरी भूमि में एक विस्वा भूमि भगवान श्री परशुराम मंदिर हेतु दान करने का आश्वासन




उद्घाटन अवसर पर मौजूद परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल।

दिया। उक्त अवसर पर अभिषेक दुबे, सचिन पाण्डेय, हर्ष दुबे, मुन्ना मिश्र, सुधांशु शुक्ल, तरुण शर्मा, महेंद्र शुक्ल, अनुपम मिश्र, राधेश्याम पाण्डेय, अनिल पाण्डेय आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पानी भरने के विवाद में महिला को पीटा शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में स्थित काशीराम कॉलोनी में पानी भरने की विवाद को लेकर महिला को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। कोतवाली कस्बे के काशीराम कॉलोनी की रहने वाली संजू देवी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि सोमवार की देर शाम कॉलोनी में लगे हैंडपंप से पानी भर रही थी। इसी बीच पड़ोसी से बात विवाद करने लगा। देखते ही देखते लाठी डंडों से मारने पीटने लगा। लोगों के बीच बचाव से किसी तरह महिला की जान बची। लेकिन इस दौरान महिला को काफी चोटें आई और उसका हाथ टूट गया। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि पीड़ित महिला ने प्रार्थना पत्र दिया है मामले की जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अचानक लगी आग ट्रांसफार्मर जला, दो सौ घरों की बत्ती हुई गुल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीती रात 63 केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई जिससे वह जल गया और 200 घरों विद्युत सप्लाई ठप हो गई। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर जलने से लोग गर्मी से बेहाल हुए। पट्टी तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत रामगंज के रसूलपुर हैदरगढ़ गांव में बीती रात अचानक 63 केवीए के ट्रांसफार्मर में आग लग गई जिससे 200 घरों की विद्युत सप्लाई ठप हो गई। ओम शंकर मिश्रा ने बताया कि इस भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर जलने से लोग गर्मी से बेहाल हो जा रहे हैं। मामले की जानकारी संबंधित अधिकारी को दिया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने जले हुए ट्रांसफार्मर को उतार कर लेकर चले गए। फिलहाल इस विशाल गर्मी में लाइट न होने की वजह से लोग काफी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# मनोज सिंह को अध्यक्ष व शिवेश शुक्ल को बनाया गया महामंत्री

## अधिवक्ता परिषद के प्रतापगढ़ ईकाई की नई कार्यकारिणी घोषित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध के प्रतापगढ़ ईकाई के निवर्तमान महामंत्री मनोज सिंह को अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई के जिलाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल को महामंत्री के दायित्व पर मनोनयन किया गया। यह घोषणा अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की सोमवार को सुल्तानपुर के एक होटल में प्रांतीय पदाधिकारियों की हुई बैठक में प्रांतीय महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने परिषद के कार्यों व उद्देश्य पर चर्चा करते हुए किया। परिषद के विभिन्न नियमित कार्यक्रमों को करने पर जोर दिया।

इसी के साथ किरण बाला सिंह, आशीष मौर्य, रवि सिंह को उपाध्यक्ष व विनीत शुक्ल, कुलवंत शर्मा, रूप नारायण सरोज को मंत्री एवं भारत लाल वैश्य का कोषाध्यक्ष, आशीष गुप्ता, मृदुल, शिव शंकर, राजाराम सरोज, रजनीकांत मिश्र, जया शर्मा, गौरिका को कार्यकारिणी सदस्य तथा राहुल सिंह, शिव कुमार पुष्पजीवी को सदर तहसील संयोजक व जे पी सिंह, रवि श्रीवास्तव को कुंडा तहसील का संयोजक, अमरीश तिवारी, राकेश चैरसिया को पट्टी तहसील संयोजक व विभूति शुक्ला, संतोष दुबे को लालगंज तहसील संयोजक के साथ ही अजय ओझा/ अज्जू, आरजू गुप्ता को रानीगंज तहसील संयोजक के दायित्व पर मनोनयन किया। बैठक में मौजूद प्रांतीय कोषाध्यक्ष पीसी राय ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने परिषद के मजबूती पर बल देते हुए स्वध्याय मण्डल व अन्य कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। आयोजित बैठक का शुभारंभ प्रांतीय महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह व कोषाध्यक्ष पीसी राय सहित अन्य पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र समक्ष माल्यार्पण के उपरांत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुआ। इस मौके पर मौजूद परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने घोषित नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए अपने अनुभव को साझा किया। इस मौके पर प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ नव मनोनीत पदाधिकारी व सुल्तानपुर ईकाई के कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट वृद्ध महिला की हालत नाजुक

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लाखीपुर कपसा गांव में जमीनी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट में वृद्ध महिला के सर में गंभीर चोटे आ गई। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। लाखीपुर कपसा गांव की इंद्रावती पत्नी पूर्णमासी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी भूमिधरी जमीन में मिट्टी गिरवा रही थी, जिसका विरोध उसके पड़ोसी करने लगे। इस दौरान मार-पीट हो गई। मारपीट में विपक्षियों ने धारदार हथियार से उसके सर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसका सर फट गया और बेहोश हो गई। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे। जहां से उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि घायल वृद्ध महिला को इलाज के लिए सीएससी भेजा गया है।

# ससुराल ले चलने के बहाने रास्ते में पति ने पत्नी को छोड़ा, हुआ फरार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्वाति निवासिनी ग्राम बिचौला जनपद मेरठ ने थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोपित किया है कि मेरे पति दिनेश कुमार पुत्र फूल सिंह पासी निवासी ग्राम दाउदपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ के साथ मेरी शादी हुई थी।

पत्नी ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की है कि उसका पति 18 मई को उसका गर्भपात करवा दिया, और पत्नी को लात घुसे लाठी डंडा से जमकर पिटाई भी किया। और जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। इतना सब कुछ होने के बाद भी पत्नी ने पति का साथ नहीं छोड़ा। स्वाती ने पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोपित किया है कि मेरा पति दिनेश कुमार 27 मई को मुझे लेकर दाउदपुर ससुराल आ रहा था। मेरठ से प्रतापगढ़ आया और प्रतापगढ़ से ढकवा मोड पट्टी आया। ढकवा मोड पट्टी में घर मिठाई ले चलने की बात कह कर वह मिठाई खरीदने चला गया और लौट कर वापस नहीं आया। पत्नी ने पति के मोबाइल फोन पर फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा। सभी रिश्तेदार स्वाति को पहचानने से मना कर दिए। हैरान परेशान होकर पत्नी स्वाती ने आसपुर देवसरा थाने में पति के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पति-पत्नी का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले की जांच पड़ताल पुलिस कर रही है।

### पत्नी का गंभीर आरोप, पति ने जबरन करा दिया गर्भपात

# 15 महीने बाद हत्या का खुलासा कर पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ निवासी विनोद सिंह पुत्र गुलाब सिंह की हत्या करने के बाद उनके शव को रस्सी से बांधकर बबूल के पेड़ में टांग कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया था घटना 7 फरवरी 2023 की है मृतक विनोद सिंह के बेटे अरुण सिंह ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए मामले में पुलिस को तहरीर दी थी तत्कालीन कोतवाल ने मामले में विवेचना की दिशा आगे नहीं बढ़ाई और हत्यारो को तत्कालीन थानेदार नहीं खोज पाए जिससे उनके कार्यों पर भी सवाल खड़े हुए थे पुलिस की जांच दिशा आरोपी तक ना पहुचने से आरोपी 15 महीने तक मौज कर अहम साक्ष्य से छेड़छाड़ करते रहे मृतक के बेटे लगातार पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर हत्या का खुलासा करने की मांग करते रहे घटना को धीरे-धीरे 15 महीने से अधिक बीत जाए 15 महीने बीत जाने के बाद पुलिस ने विनोद सिंह की हत्या में भगवती प्रसाद मिश्रा पुत्र बरमदीन मिश्रा निवासी बेला मुंडी थाना लालापुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया है लिखापढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है पुलिस के मुताबिक प्रधानी के चुनाव में दोनों पक्ष के बीच विवाद हुआ था

**हत्या में शामिल अन्य व्यक्तियों को तफसीश के दौरान नहीं खोज पाई पुलिस**



जिसमें मारपीट हुई थी और लालापुर थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था मुकदमे के समझौते के लिए विनोद सिंह को बुलाकर के हत्या करने के बाद शव को बबूल के पेड़ से टांग दिया गया था पुलिस ने विनोद सिंह की हत्या में 15 महीने बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है लेकिन सवाल उठता है कि यदि पंचायत के लिए उसे बुलाया गया था तो एक व्यक्ति पंचायत नहीं करेगा दूसरा सवाल यह खड़ा है कि पेड़ से बांधकर टांगने में एक व्यक्ति के शव को अकेला एक व्यक्ति नहीं टांग सकता है अन्य लोग भी घटना में शामिल रहे होंगे इस बात की चर्चा मृतक के परिवार के लोग भी बराबर करते रहे लेकिन पुलिस ने इस हत्या के मामले में शामिल अन्य लोगों के नाम का खुलासा कर अन्य लोगों का नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में नहीं लाया है।

### प्रयागराज के कचहरी से हुआ था अपहरण

**कौशांबी।** विनोद सिंह मूल रूप से लालापुर थाना क्षेत्र में परिवार सहित रहते हैं मुकदमे के सिलसिले में वह प्रयागराज कचहरी गए थे जहां से उनका अपहरण करके हत्या करने के बाद उनका शव पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ के जंगल में बबूल के पेड़ से बांधकर टांग दिया गया था मौके की स्थिति हत्या की गवाही दे रही थी उनके दोनों पैर जमीन पर टिके थे लेकिन तत्कालीन थानेदार ने मामले को संज्ञान नहीं लिया है जिससे उनकी भूमिका सवालों के घेरे में है और तत्कालीन थानेदार की भूमिका पर पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे।

## जिला पंचायत सदस्य पर बाइक सवार युवकों ने की फायरिंग

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के अमिरसा गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य राज गौतम के ऊपर मंगलवार की रात्रि 8:00 बजे बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर दी है हालांकि इस घटना में जिला पंचायत सदस्य बाल बाल बच गए हैं उनके वाहन के शीशे चकनाचूर हो गए हैं मामले की जानकारी मिलते ही सराय अकिल थाना पुलिस सहित पिपरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना की बारीकी से जांच कर रही है । जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत सदस्य राज गौतम मंगलवार को रात 8 बजे अपने स्कॉर्पियो वाहन से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह कौशांबी डिग्री कॉलेज के आगे पावर हाउस के पास पहुंचे बाइक सवार युवको ने उन्हें ओवरटेक कर उनके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास दहशत का माहौल बन गया लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गए हालांकि घटना में जिला पंचायत सदस्य बाल बाल बच गए हैं उनके वाहन का शीशा टूटा है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गयी सूचना मिलते ही सराय अकिल थाना पुलिस और पिपरी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है फायरिंग करने के बाद बाइक सवार युवक फरार हो गए हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

# घर के अंदर जमीन पर पड़ा मिला महिला का शव

**पति पर पिटाई का आरोप पुलिस जांच में जुटी**



**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में महिला का शव उसके घर के अंदर जमीन पर पड़ा हुआ मिला है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसके बारे में परिजन कुछ नहीं बता पा रहे हैं। मृतक महिला के बेटे के मुताबिक मां से झगड़ा कर पिता काम पर चले गए थे। इसके बाद वह खेलकर घर लौटा तो मां जमीन पर बेहोश पड़ी थी।घर के और लोगो को बुलाया तो उन्होंने देखा कि उनकी मौत हो गई है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम थाना क्षेत्र के हुजरा शरीफपुर का मजरा अम्बाई बुजुर्ग गांव के फूलचन्द्र सरोज अपने पत्नी सुनीता और 2 बच्चों के साथ रहता है। मंगलवार की सुबह पत्नी व पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति फूलचन्द्र पत्नी से गुस्सा होकर बिना कुछ खाए ही काम पर चला गया। दोनों बच्चे भी गांव में खेलने चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सुनीता का बेटा सूरज खेल कर अपने घर लौटा तो उसकी मां जमीन पर पड़ी थी।बच्चे ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठी। पड़ोस की चाची को बुलाकर बच्चों ने मां की हालत दिखाई। पड़ोसियों की सूचना पाकर पति फूलचन्द्र घर पहुंचा। जहां से वह सुनीता को इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गया। डाक्टर ने सुनीता को देख कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुनीता के शव को कब्जे में लेकर पति सहित उनके बच्चों के बयान दर्ज किए हैं।

# नाबालिग बालिका को नौकरी दिलाने के बहाने बलपूर्वक रेप

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक ने पड़ोस की रहने वाली एक नाबालिक बालिका को दिल्ली में नौकरी दिलाने के बहाने बुला ले गया और नाबालिक बालिका से बलपूर्वक दो दिन लगातार बलात्कार किया बालिका चीखती चिल्लाती रही लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई बालिका के विरोध करने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देने लगा नाबालिक बालिका दो दिन बाद किसी तरह घर पहुंची और आप बीती पिता से बताई जिसके बाद बालिका के पिता ने स्थानीय पुलिस चौकी शहजादपुर के इंचार्ज से मामले शिकायत की लेकिन चौकी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की गांजा भांग बेचने वाला दलाल मोटी रकम लेकर के आरोपी के बचाव में उतर आया है चौकी पुलिस से न्याय ना मिलने पर पीड़ित परिवार कोखराज थानेदार से मिला लेकिन फिर भी मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ घटना को 4 दिन से अधिक बीत गए हैं लेकिन अभी तक बालिका का मेडिकल चेकअप थाना पुलिस ने नहीं कराया मुकदमा दर्ज करना तो दूर रहा थाना से न्याय ना मिलने के बाद पीड़ित परिवार एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र दे कर न्याय की गुहार लगाई है मामले की शिकायत ट्विटर एक्स के माध्यम से पुलिस अधिकारियों से भी की गई है बलात्कार के मामले में 24 घंटे के भीतर मेडिकल परीक्षण कराया जाना आवश्यक बताया गया है लेकिन पुलिस 4 दिन से मेडिकल परीक्षण नहीं करा रही है जिससे बलात्कार के सक्षय नष्ट होंगे और आरोपी को लाभ मिलेगा।

**घटना को 4 दिन से अधिक बीत गए लेकिन अभी तक बालिका का मेडिकल चेकअप थाना पुलिस ने नहीं कराया मुकदमा दर्ज करना तो दूर रहा**



# दो पत्नियों के बीच पिस रहे युवक ने जहर खाकर दे दी जान

**एक युवक के आत्महत्या करने के बाद दो महिलाएं हो गई विधवा**



**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र में दो पत्नियों के विवाद के बीच पीस रहे एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी एक युवक के आत्महत्या करने के बाद दो महिलाएं विधवा हो गई हैं दोनों महिलाएं विलाप कर रही हैं पत्नियों के बीच रोज रोज विवाद के चलते युवक अपना संतुलन को बैठा उसने दोनों पत्नियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन जब दोनों पत्नी उसकी बात मानने को तैयार नहीं हुई तो युवक द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे का रहने वाला 40 वर्षीय धोबी लाल पुत्र कल्लू ने दो शादी की है। युवक की पहली पत्नी से पांच बच्चे हैं जिनमे दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। दूसरी पत्नी मंजू देवी से एक सात वर्ष का पुत्र है। बताया जाता है कि दोनों पत्नियों के बीच रोज रोज विवाद होता था युवक दोनों पत्नियों को समझाते समझाते थक हार गया आपसी कलह के चलते युवक ने संदिग्ध दशा में जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवक की हालत बिगड़ते देख परिजन उसे इलाज के लिए कड़ा के सरकारी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। वही युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में अधिकारी कर्मचारी सहित 13 लोग मिले अनुपस्थित

**कार्यालय उप कृषि निदेशक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

**अनुपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों का वेतन अवरूद्ध कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा मंगलवार को प्रातः 10:10 बजे कार्यालय उप कृषि निदेशक एवं 10:05 बजे कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारी समेत 13 लोग अनुपस्थित मिले हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय उप कृषि निदेशक के निरीक्षण के दौरान जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत सिंह यादव, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सुरूचि विश्वकर्मा अनुपस्थित पायी गई। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर कार्यालय उप कृषि निदेशक में कार्यरत-प्रधान सहायक कैलाश नाथ पाण्डेय एवं वरिष्ठ सहायक नीरज तिवारी सर्वेश कुमार व सोनू पाण्डेय अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी में कार्यरत वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार राव, श्रीमती सीमा पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी कार्मिक-श्रीमती गीता देवी व पंकज कुमार अनुपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा अनुपस्थित पाये गयें। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर कार्यालय में कार्यरत जिला समन्वयक एमआईएस धर्मेन्द्र कुमार एवं जिला समन्वयक सिविल वीरेन्द्र कुमार अनुपस्थित पाये गयें। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों का अनुपस्थिति की तिथियों का वेतन अवरूद्ध करते हुए निर्देशित किया है कि अनुपस्थिति के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अन्दर उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# शादी में भोजन कर रहे दलित को बेरहमी से पीटा नहीं दर्ज हुआ मुकदमा



**कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे के एक गेस्ट हाउस में 28 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने गए एक दलित को भोजन करने के वक्त 4 लोगों ने बेरहमी से पीट दिया है उससे भोजन की प्लेट छीन ली गई है उसे भोजन नहीं करने दिया गया है दलित को गाली गलौज करते हुए लात घूसों डंडे से बेरहमी से पीटा है जिससे उसे गम्भीर चोट आई है मामले की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस और थाना पुलिस को दिए जाने के एक महीना बाद भी मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है जानकारी के मुताबिक सूरज पुत्र छक्कन निवासी छेकवा थाना सराय अकिल 28 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने कस्बे के अर्जुन वाटिका में गया था शादी समारोह में आधी रात को सूरज भोजन करने के लिए प्लेट लेकर आगे बढ़ा इसी बीच अभय सिंह संदीप सिंह वा अन्य तीन लोगों ने सूरज से भोजन की प्लेट छीन ली उसे भोजन नहीं करने दिया गया और उसको गाली गलौज करते हुए लात घूसा डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया सूरज बचाव के लिए चीखता चिल्लाता रहा लेकिन कोई बीच बचाव करने नहीं पहुंचा मारपीट कर उसे बेदम कर दिया गया घटना के बाद सूरज ने मामले की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस को दी न्याय ना मिलने पर मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया गया पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही लेकिन एक महीना बीत गया और सूरज के साथ मारपीट के इस मामले में अभी तक पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है जिससे न्याय पाने के लिए पुलिस की चौखट में सूरज भटक रहा है।

## न्यूज झरोखा

### जिला जेल का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** डीएम राजेश कुमार रॉय एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस फोर्स के साथ जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया।डीएम,एसपी ने जेल में निरुद्ध बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने व साफ सफाई आदि के सम्बन्ध मे संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान जेल अधीक्षक अजितेश मिश्रा, डिप्टी जेलर राकेश सिंह सहित सभी जेल स्टाफ मौजूद रहे।

### घटिया सामग्री से निर्माण के चलते आए दिन जल रहे ट्रांसफार्मर



**कौशाम्बी** जिले में घटिया सामग्री से ट्रांसफार्मर मरम्मत के चलते आए दिन ट्रांसफार्मर जल जाते हैं जिससे ग्रामीणों को कई दिन अंधेरे में रहना पड़ता है बिजली विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद ट्रांसफार्मर मरम्मत में बड़ा खेल हो रहा है लेकिन ट्रांसफार्मर मरम्मत में लगे ठेकेदार के कारनामे की ओर अधिकारियों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है एक तरफ भीषण गर्मी दूसरी तरफ घटिया सामग्री से ट्रांसफार्मर मरम्मत के चलते ट्रांसफार्मर लोड नही ले पाते और अक्सर जल जाते हैं जिससे जहां आम जनता को गर्मी में परेशानी होती है वही सरकार का लाखों का नुकसान होता है सिराथू तहसील क्षेत्र के कमालपुर बिजली उपकेंद्र से कमालपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर मंगलवार को अचानक धू धू कर जलने लगा,आग से ट्रांसफार्मर का तेल लीक हो गया और ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया।ट्रांसफार्मर जलने से बिजली की सप्लाई बाधित हो गई।भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर जल जाने से सैकड़ो विद्युत उपभोक्ता परेशान है लेकिन ट्रांसफार्मर जलने के बाद तत्काल दूसरे ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई विभाग के अधिकारियों ने नहीं शुरू की है

### समाजसेवी लोगों ने ठंडा शरबत पिलाकर प्यासे लोगों की बुझाई प्यास



**कौशाम्बी** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के शरीफाबाद तिराहे पर मंगलवार दोपहर फिशर गर्मी से राहत दिलाने हेतु राहगीरों को शीतल शरबत का वितरण किया गया. उमसभरी गर्मी में ठंडा शरबत पीकर के राहगीरों ने राहत की सांस ली आपको बता दें कि शीतला धाम निवासी लक्ष्मी नारायण मोदनवाल एवं राम शंकर मोदनवाल की ओर से पिछले 14 वर्षों से अपनी स्वर्गीय मां कृष्णा देवी मोदनवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर हर वर्ष शीतल शरबत का वितरण कर राहगीरों की प्यास बुझाई जाती है स्वर्गीय कृष्णा देवी के पुत्र लक्ष्मी नारायण मोदनवाल ने बताया कि माता जी की याद में शरबत वितरण कर उन्हें बहुत सुकून मिलता है और वह लोगों को शरबत पिलाकर अपनी मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. शरबत वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी होरीलाल गौतम संदीप कुमार संतोष जायसवाल आदि लोगो का विशेष योगदान रहा.

### मतगणना कार्मिकों को 29 मई को दिया जायेंगा प्रथम प्रशिक्षण

**कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 04 जून 2024 को नवीन मण्डी समिति ओसा, मंझनपुर में मतगणना के लिए दिनांक 29 मई 2024 को उदयन सभागार में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया जायेंगा। प्रशिक्षण में कुल 228 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेंगा।

### 2 दिन बंद रहेगा, धुमाई रेलवे फाटक

**अझुवा कौशांबी।** दिल्ली हावड़ा मार्ग संपार संख्या 32उ धुमाई रेलवे फाटक 30 मई और 31 मई रेलवे गेट कार्य हेतु सुबह 7 बजे से शाम 31 मई तक पूर्ण रूप से तक बंद रहेगा इस दौरान सड़क यातायात 31उ और 33उ कनवार से चालू रहेगा ये जानकारी रेलवे प्रशासन ने दी है।

## पड़ोसी ने काट दिया बकरे का गला मालकिन ने की शिकायत तो चाकू लेकर दौड़ाया

**चरवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीपुर टाटा गांव की सुंदरियां देवी के बंधे बकरे का पड़ोसी ने चाकू से गला काट दिया बकरे की मालकिन ने देखा तो उसे रोकने का प्रयास किया तब युवक ने मालकिन को ही चाकू लेकर दौड़ा लिया है भाग करके मालकिन ने जान बचाई है मिली जानकारी के अनुसार बालीपुर टाटा गांव की सुंदरिया देवी पत्नी गयाप्रसाद रैदास ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि मंगलवार को समय करीब 3 बजे दिन में उसके घर के बाहर बकरा बंधा था तभी मेरे पड़ोसी पप्पू पुत्र स्वर्गीय शारदा प्रसाद ने बांधे हुए बकरे को लोहे की छुरी से गला काट रहा था कुछ देर बाद कुछ काम करने घर के बाहर निकली तो देखा कि पप्पू बकरा का आधा गला काट चुका था मैंने पूछा ऐसा क्यों किया तभी पप्पू ने मुझे गाली गलौज देती हुए चाकू लेकर दौड़ा लिया भाग करके महिला ने जान बचाई है आरोपी कह रहा था कि अगर कही शिकायत किया तो जान से मार देंगे मेरे घर में कोई पुरुष नहीं थे पूर्व में मेरे नाती को छुरी लेकर खदेड़ा था जिससे सुंदरियां का परिवार घबराया हुआ है।

## दलित दंपति के घर में घुसकर लोहे की रॉड से पीटकर दबंगो ने किया लहुलुहान

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सुधवर पहाड़पुर गांव के कुछ दबंगो ने दलित दंपति के घर पर चढ़कर लोहे की रॉड और सरिया से हमला करके दम्पत्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया लहुलुहान हालत में घायल दंपति चरवा थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे सुचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई और घायल दंपति को चरवा पीएससी इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक सूधवर पहाड़पुर गांव की रहने वाली सुमन देवी पत्नी नरेश पासी से गांव का रहने वाला सुरेश उनसे रंजिश रखता है मंगलवार की सुबह गाली गलौज देते हुए सुरेश दुर्गा और मेवालाल के साथ दम्पत्ति के घर में घुस गया सुमन के पति द्वारा गाली गलौज का विरोध किया तो सुरेश अपने दो साथी के साथ दम्पत्ति को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। दोनो के सर पर गहरा घाव हो गया घायल अवस्था में चरवा थाने पहुंचकर मामले की सूचना दिए। पुलिस से न्याय की गुहार लगाई हालाकि पुलिस ने खबर लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं की केवल आवश्वासन दिया है।

## महिला ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप,पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के वार्ड नंबर 3 शांति नगर अझुवा कस्बा निवासी गोमती देवी पुत्री श्याम लाल ने बताया कि उसकी शादी उन्नाव के शिव नगर मोहल्ले में अजय कुमार के साथ हुई थी। आरोप है दो लाख रुपये की खातिर सप्ताह भर पहले ससुरालियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।कहा कि दो लाख नकद नहीं मिला तो जान से मार देंगे। मायके पहुंचकर पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। बिरादरी की पंचायत में भी ससुरालवाले साथ रखने के लिए राजी नहीं हुए। सोमवार को पीड़िता की तहरीर पर सैनी पुलिस ने पति अजय, ससुर ओम प्रकाश, सास समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सफाई कर्मी को सरकारी स्कूल किराए पर देकर शिक्षक 12 वर्षों से कर रहे हैं 3000 महीने की वसूली

**सफाई कर्मी का आवास बना सरकारी प्राइमरी स्कूल बरियावा की शिक्षा ब्यवस्था चौपट**

**कौशाम्बी।** नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाने वाले शिक्षकों का नैतिक पतन किस तरह से हो गया है कि वह जल्द ही मालामाल होने के चक्कर में कानून नियम की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के।नेवादा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बरियावा का है बरियावा प्राथमिक विद्यालय के भवन को सफाई कर्मी को किराए पर उठा दिया गया है और सफाई कर्मी अपने परिवार के साथ प्राथमिक विद्यालय के भवन में रह रहा है बताया जाता है कि बीते 12 वर्षों से यह विद्यालय भवन किराए पर उठाया गया है विद्यालय भवन में सफाई कर्मी का परिवार रहने से पूरे विद्यालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और सफाई कर्मी के परिवार के बच्चों के उछल कूद के चलते शिक्षा व्यवस्था चौपट रहती है शिक्षण व्यवस्था चौपट होने के बाद भी प्राथमिक विद्यालय से सफाई कर्मी के परिवार को अभी तक बाहर नहीं किया गया बताया जाता है कि 12 वर्षों पहले इस प्राथमिक विद्यालय को किराए पर उठाया गया था तीन हजार रुपए प्रत्येक महीने सफाई कर्मी से सरकारी स्कूल का किराया शिक्षक लगातार वसूल रहे हैं लेकिन सरकारी विद्यालय को किराए पर उठाकर किराया वसूलने से मिली रकम को सरकारी खजाने में नहीं जमा किया जाता है जिससे यह सीधा-सीधा सरकारी रकम का गबन है सूत्रों की माने तो 12 वर्षों के बीच चार लाख रुपए महीने से अधिक किराया सफाई कर्मी ने शिक्षकों ने वसूल किया है लेकिन सरकारी खजाने में अब तक किराए की रकम नहीं जमा है मामले को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि सरकारी विद्यालय को किराए पर उठाकर किराया वसूला जाता है तो यह बेहद गलत है और मामले की जांच कराई जाएगी जांच में दोषी पाए जाने के बाद शिक्षक से किराए की रकम की वसूली करते हुए शिक्षक को दंडित किया जाएगा साथ ही साथ सफाई कर्मी को प्राथमिक विद्यालय से बाहर किया जाएगा।

संपादक की कलम से

# तबाही की ओर बढ़ रही गर्मी

पहले जब गर्मी आती थी तब शहर के लोग पहाड़ की तरफ भागते थे। आज भी लोग ठंडी हवा के लिए पहाड़ की ओर भाग रहे हैं। पहले पहाड़ में ठंड थी, बर्फ था लेकिन अब पहाड़ का हाल पहले जैसा नहीं रहा। मैदानी इलाकों में आसमान से आग बरस रही है तो पहाड़ी इलाकों के जंगलों में आग लग रही है। गर्मी से बचने के लिए पहाड़ पर जाने वाले पर्यटक को कितना सुख मिलता है वे ही जाने लेकिन इससे ज्यादा दुखद स्थिति यह है कि पर्यटक अपनी कारों के कार्बन से पहाड़ के माहौल को ही बदल रहे। अपने देश के मैदानी इलाकों में तापमान बर्दाश्त से बाहर हो रहा है तो वहीं पहाड़ी इलाकों में भी स्थिति कोई बेहतर नहीं है एक तरफ प्रचंड गर्मी से शहरों में और राजमार्गों पर दौड़ने वाले वाहन अचानक ही धू धू कर जलने लगे हैं , जनरेटर फट रहे हैं तो वहीं पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। यह चौंकाने वाली नहीं यह जागने वाली बात है। मौसम में होने वाले परिवर्तन संकेत दे रहे हैं कि हम अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। अगर हम इस समय भी सजग नहीं होंगे तो निश्चित ही हम तबाही की ओर बढ़ेंगे। अभी वक्त है कि हम अपनी जीवन शैली को बदलने के बारे में पूरी गंभीरता से सोचें और कुछ कारगर करने को आगे आएं। बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी बता रही है कि मौसम को अनुकूल करने की ताकत हम खो चुके हैं। हम जिस जीवन शैली को बढ़ावा दे रहे हैं उसमें गर्मी में कूलर और ठंडी में हिटर चला कर वैश्विक तबाही से बच नहीं सकते हैं। जानकारों का कहना है कि हमारा तंत्र प्रकृति के तंत्र से अलग हो चुका है। मौसम चक्र गड़बड़ा गया है। आईपीसीसी की हाल की रिपोर्ट के मुताबिक हरेक दशक में 0.26 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान बढ़ा है। इन रिपोर्टों की कोई परवाह नहीं की जा रही है। विभिन्न विकास योजनाओं में भी रिपोर्ट के मुताबिक कुछ करने की कोई तैयारी नहीं दिखती।

प्रख्यात पर्यावरणविद अनिल प्रकाश जोशी चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि बहुत कुछ अभी हाथ में होते हुए भी हम नहीं कर रहे हैं। जलवायु में हो रहे परिवर्तन से यह उजागर हो गया है कि वर्ष का अब कोई भी ऐसा समय नहीं बचा, जिसमे हम खुद को पर्यावरण के रूप में सुरक्षित समझ सके। इस बार जिस तरह से प्रचंड गर्मी ने हालात पैदा किए हैं उसने लोगों को कुछ जरूर सिखा दिया होगा। अब हिमालय से लेकर मैदानी इलाकों तक गर्मी की मार साफ दिखाई देती है पहाड़ों में भी 38/40 डिग्री सेंटीग्रेड का तापमान और मैदानी इलाकों में 45 डिग्री सेंटीग्रेड से ऊपर की ओर उछाल लगाता तापमान लोगों को परेशान कर ही रही है परंतु यह मात्र गर्मी ही नहीं है जो हमें झेलने हैं। इससे आने वाले समय में पानी की कमी की बड़ी समस्या भी जन्म लेगी। वायु प्रदूषण भी इस गर्मी से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। बढ़ती गर्मी हमें एक तरफ एसी कूलर चलाने के लिए मजबूर कर देती है तो वही उनसे बाहर के वातावरण पर बुरा प्रभाव भी पड़ता है।

हमारी जीवन शैली और कुछ लापरवाहियों की वजह से जो ठंडे इलाके माने जाते थे वहां भी गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। इसके तुरंत बाद बाढ़ और वर्षा की आपदाओं का सामना करेंगें। हम देखेंगे कि फिर सुखा भी आएगा। खेती बर्बाद होगी। ऐसे में पानी के लिए पूरे देश में हाहाकार होगा। फिर जब ठंड का समय आएगा तो भी उतनी ठंड नही होगी जिससे हम यह महसूस कर सकेंगें कि ठंड का मौसम आ गया । नदियां सूख रही हैं। दुनिया भर में लाखों लोग गर्मी से मर रहे हैं। इनमे 30 फीसद लोग एशिया के हैं। जिस रफ्तार से जंगल काट रहे हैं। उस हिसाब से पर्याप्त पेड़ नही लग रहे हैं। भारत के खेतिहर इलाके में 60 करोड़ छायादार पेड़ थे। 2010 में मैपिंग के अनुसार और 2018 के एक रिपोर्ट के मुताबिक मात्र आठ सालों में साढ़े 6 करोड़ से अधिक छायादार पेड़ नष्ट कर दिए गए। ये आंकड़े सबसे अधिक तेलांगना, हरियाणा, केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के हैं, जहां इन दिनों गर्मी के कारण हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में हमारी आदतें और आरामपरस्ती नहीं बदलेगी तो हम निश्चित ही अपने अंत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इन सब का बुरा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। गर्मी का प्रकोप न सिर्फ अपने देश के पहाड़ी इलाके में बल्कि यूरोप भी गर्म हो गया है। लंदन में भी पंखे और कूलर चलने लगे हैं। यह समस्या भले वैश्विक है लेकिन हालात सुधरने के लिए एक एक लगना होगा, नही तो भावी तबाही से कोई नही बचेगा।

# बड़े खिलाड़ी बनकर उभरे अखिलेश

– प्रो. रविकान्त

समाजवादी पार्टी को मूलरूप से पिछड़ों, किसानों और नौजवानों की पार्टी माना जाता था। बसपा से गठबंधन टूटने के बाद अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी का विस्तार करने का प्रयास किया। दलित समाज को जोड़ने के लिए सपा कार्यालय में अम्बेडकर जयंती मनाने की शुरूआत हुई। डॉ राममनोहर लोहिया के साथ अब डॉ अम्बेडकर का चित्र भी सपा कार्यालय में लगा दिया गया। दलित वोटर तक पहुंच बढ़ाने के लिए अखिलेश यादव ने लोहिया वाहिनी की तर्ज पर बाबा साहब वाहिनी का गठन किया।

2024 के लोकसभा चुनाव में देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर उभरे हैं। इस चुनाव में अखिलेश यादव पीडीए फामूर्ला लेकर आए हैं–पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। पीडीए दरअसल कांशीराम के 15 बनाम 85 की राजनीति का ही नया संस्करण है। अखिलेश यादव की रैलियों में बढ़ती भीड़ से ऐसा लगता है कि समाजवादी पार्टी में लोगों का विश्वास लौट रहा है। अखिलेश यादव के टिकट वितरण के सामाजिक समीकरण की तारीफ हो रही है। महंगाई और बेरोजगारी से पीड़ित देश का जनमानस इस समय विपक्ष इंडिया गठबंधन की तरफ देख रहा है। खास बात यह है कि इंडिया गठबंधन जनता के मूल मुद्दों को लगातार उठा रहा है। 80 लोकसभा सीटों वाले सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं। आज उत्तर प्रदेश में भाजपा के सामने सबसे बड़ी ताकत अखिलेश यादव हैं। पिछली तीन असफलताओं के बावजूद इस चुनाव में उनका पीडीए फामूर्ला कारगर होते हुए दिख रहा है। ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई करके लौटे अखिलेश यादव पिता मुलायम सिंह यादव का साथ देने के लिए राजनीति में आ गए। सपा के नौजवानों में 'अखिलेश भैया' तेजी से लोकप्रिय हो गए। पहली बार अखिलेश यादव 2010–11 में तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने साइकिल से यात्रा करते हुए पूरे प्रदेश का दौरा किया। मायावती के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ अखिलेश यादव की साइकिल यात्रा से समाजवादी पार्टी को नई ऊर्जा मिली। 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा को हराकर सपा ने 403 की विधानसभा में 224 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया। उम्र की ढलान पर पहुंच चुके पिता मुलायम सिंह यादव ने तब उत्तर प्रदेश की बागडोर अपने नौजवान बेटे अखिलेश यादव को सौंप दी। 2012 से 2017 के बीच अखिलेश यादव यूपी के सबसे युवा मुख्यमंत्री रहे। कुछ गलतियों और अनेक उपलब्धियों के साथ अखिलेश यादव को मीडिया में बहुत तवज्जो नहीं मिली। सवर्ण मीडिया लगातार उनकी खिल्ली उड़ाता रहा। यूपी में साढ़े तीन मुख्यमंत्री का मेटाफर प्रयोग करते हुए मीडिया अखिलेश यादव को आधा मुख्यमंत्री बताकर कटाक्ष करता रहा। पार्टी, सरकार और प्रशासन में ज्यादातर सवर्णों के इर्द गिर्द रहे अखिलेश यादव को शायद पिछड़े होने का एहसास नहीं था। लेकिन 2017 का चुनाव हारने के बाद जब अखिलेश यादव ने अपना मुख्यमंत्री आवास खाली किया तो उसी मीडिया के जरिए अखिलेश यादव को 'टोंटी चोर' कहकर प्रचारित किया गया। लेकिन इसे राजनीतिक आलोचना का एक हिस्सा मानकर शायद अखिलेश यादव ने भुला दिया। हालांकि आज भी सवर्ण मीडिया और भाजपा की ट्रोल आर्मी अखिलेश यादव को 'टोंटी चोर' कहने से गुरेज नहीं करती। जाहिर तौर पर समय बदल गया है। सामाजिक संरचना भी बदली है। लेकिन सवर्ण सामन्तों के भीतर भरी हुई नफरत और हिकारत पीढ़ी दर पीढ़ी चली जा रही है। इसलिए गालियों की जगह सिर्फ शब्द बदले हैं। दरअसल, अपमानजनक शब्दों के जरिए पिछड़ों और दलितों को उनकी 'हैसियत' बताने की कोशिश की जाती है। उनके हौंसले को तोड़ा जाता है। इससे उनके भीतर हीनताबोध पैदा होता है।

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

-ललित गर्ग-

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है।

नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है।



यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।

लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा, शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा- ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो।

लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे। आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकता है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अतः वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए।

लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अर्हता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है। इससे राजनीति स्वस्थ नहीं बन सकती और न ही राजनीति में स्वस्थ, योग्य एवं प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों का चयन होता है। सही व्यक्ति की खोज वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता इसलिये भी है ताकि लोकतंत्र को हांकने वाला निष्पक्ष हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजन हिताय का लक्ष्य लेकर चल सके। ऐसी व्यवस्था भी नियोजित की जानी चाहिए है जिसमें स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है। भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए हमें उनकी ऊर्जा को सही चैनल देने की पहल करनी होगी। यही युवा, सक्रिय नागरिक और प्रफेशनल अपने पेशे, अपने तौर-तरीकों और नागरिकों मूल्यों की वजह से दूसरों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभायेंगे। यही लोग अगली पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बन जायेंगे। हमें भारत के विशाल प्रांगण में हर कोने में ऐसे लोगों की तलाश करनी होगी। ऐसे लोगों की तलाश और उन्हें लोकतंत्र के प्रशिक्षण का समुचित प्रबंध होना जरूरी है।

लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिये और नये लीडर तलाशने के लिये जरूरी है कि राजनीति के प्रशिक्षण का उपक्रम विभिन्न स्तरों पर संचालित होना चाहिए। न्यूनतम योग्यता एवं न्यूनतम प्रशिक्षण तय होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर कृषि, ग्रामीण रोजगार, शिक्षा, वित्तीय अनुशासन, स्वास्थ्य और कुपोषण, जवाबदेही और पारदर्शिता, चुनाव और पुलिस सुधार, मानवाधिकारों की रक्षा और संसाधनों का बराबर इनका मिशन होना चाहिए। इसलिए परिवर्तन के लिए पहले ऐसे लीडर तैयार करने होंगे। सेमिनारों, वाद-विवादों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर राय मांगकर उनकी पहचान की जा सकती है। लीडरों का सशक्तीकरण करें, ताकि वे बदलाव के वाहक बन सकें। ऐसे दूसरे संगठनों और दबाव समूहों की पहचान करें जो अराजनीतिक और अनौपचारिक तंत्र के हिस्से हों, जैसे एनजीओ और उन्हें नीतियों के निर्माण और उनके आकलन में सहभागी बनाएं।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# लोकतंत्र की अंतिम सप्तपदी रोचक

@ राकेश अचल

आजकल कोर्ट मैरिज का जमाना है इसलिए लोग धीरे-धीरे पारम्परिक विवाहों की प्रक्रिया को भूलने लगे है। पहले हिन्दू विवाह पद्यति में सप्तपदी के बिना विवाह संस्कार पूरा नहीं होता था। वर और वधु के बीच सात-पांच वचनों का एक मौखिक अनुबंध होता था। इसे ही भांवर पड़ना भी कहते थे। हिन्दू विवाह प्रथा की ही तरह लोकतंत्र में अब सप्तपदियाँ पढ़ी जाने लगीं है। सत्ता की सीता का वरण करने के लिए जो चुनाव पहले एक-दो दिन में निबट जाते थे उन्हें अब सात-सात चरणों तक खींचा जाने लगा है। सत्ताधीशों की सुविधा के लिए कुछ भी किया जा सकता है, किया जा रहा है।

अठारहवीं लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने जब मतदान के लिए 7 चरणों की घोषणा की थी उसी समय इसे लेकर सवाल किये गए थे, किन्तु केंचुआ इन सवालों के जबाबों को या तो पी गया था या फिर गोलमोल जबाब देकर उसने बचने की कोशिश की थी, लेकिन देश की जनता हकीकत समझ चुकी थी कि जो किया जा रहा है सत्तारूढ़ दल की सुविधा को देखते हुए किया जा रहा है। बहरहाल मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं, अर्थात सात में से छह भाँवरें पड़ चुकी हैं। सातवीं भांवर 1 जून को पड़ेगी उसके बाद 4 जून को इस रहस्य से पर्दा उठेगा की सत्ता की सीता ने किस पार्टी या गठबंधन का वरण किया और किसे ठुकराया ?

मतदान के सातवें चरण में काशी यानि बनारस की वो सीट भी है जिससे गंगापुत्र यानि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी खुद चुनाव लड़ते है। उनकी सीट को मतदान के अंतिम चरण में जानबूझकर रखा गया या ये महज संयोग है, ये कहना न कठिन है और न बहुत आसान। आप जैसा चाहें वैसा समझ लें। उन्हें जीत की हैट्रिक नए कीर्तिमान कि साथ बनाना है। उनकी लोकप्रियता का असली पैमाना या मीटर काशी ही है। इस काशी में वे मुसलमान भी हैं जो ज्यादा बच्चे पैदा करने कि आरोपी भी है। वे मुसलमान भी हैं जो मंगलसूत्र छीनने कि लिए भी बदनाम किये जा चुके हैं। इसलिए ये चरण सत्ता की सीता को हासिल करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस चरण में सर्वाधिक 13 सीटें अकेले उत्तर प्रदेश से हैं। इन सीटों को जीते बिना भाजपा सत्ता की सीता को हासिल नहीं कर सकती।

सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर चुनाव होना है, उनमें वाराणसी की सीट भी शामिल है, जहां से नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में भी इसी चरण में चुनाव होना है। महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, चंदौली, मिजार्पुर और रॉबर्ट्सगंज में भी भाजपा की अच्छी-खासी पकड़ है। भाजपा के लिए दिक्कत गाजीपुर, घोसी और बलिया की सीट पर होने वाली है। इनमें गाजीपुर और घोसी की सीट पर भाजपा चुनाव हार भी चुकी है। घोसी, बलिया और गाजीपुर की लोकसभा सीट भाजपा के लिए मुश्किल इसलिए भी मानी जा रही है क्योंकि हालिया यूपी चुनाव 2022 में इन इलाकों में आने वाली विधानसभा सीटों पर भाजपा की हालत काफी खस्ता रही थी। इन 3 लोकसभा इलाकों में 15 विधानसभा की सीटें हैं। इनमें से सिर्फ दो सीटें ही भाजपा जीत पाई थी। बाकी सभी सीटें विपक्षी दलों कांग्रेस, सपा और बसपा के पास गई थीं।

आगामी 1 जून 2024 को देश के कुल 8 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में बाकी के बचे 57 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग की जाएगी। इन 8 राज्यों में सात राज्य बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और एक केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने चुनावों से ठीक पहले बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड में ऑपरेशन लोटस चलकर सत्ता हासिल करने की कोशिश की थी। भाजपा को अकेले बिहार में कामयाबी मिल। इससे पहले महाराष्ट्र में भी आपरेशन लोटस के जरिये भाजपा सत्ता तक पहुंची, अब यही राज्य भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। भाजपा ने अनेक मुद्दों और अवसरों पर केंद्र का साथ देने वाले ओडिशा को छेड़कर भी इस बार अपनी मुसीबतें बढ़ा ली हैं।

देश में ऐसा कोई राज्य नहीं है जहाँ इस चुनाव में भाजपा को चुनौतियों का सामना न करना पड़ रहा है। यहां तक की मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जहाँ भाजपा ने पिछले साल ही सरकारें बनाई थीं वहां भी 2019 की तरह क्लीनस्वीप करना आसान नजर नहीं आ रहा। बकौल अरविंद केजरीवाल भाजपा अब पंजाब और दिल्ली में ऑपरेशन झाडू चलने वाली है। इसे नाकाम करने कि लिए केजरीवाल अपने सहयोगी दलों कि साथ मोर्चे पर हैं। भाजपा ने पूरे इंतजाम किये हैं की केजरीवाल हों या हेमंत सोरेन सत्ता की नयी दुल्हनिया कि दीदार किसी भी सूरत में न कर पाएं।

# चुनावी चक्रवात का रेमल असंवेदनशील

@ राकेश अचल

मानसून से पहले बंगाल में चक्रवात रेमल का असर दिखाई दे रहा है, लेकिन मैं देश में चौतरफा राजनीति के चक्रवात की बढ़ती असंवेदनशीलता देखकर हैरान हूँ। राजनीति के चक्रवात में जो उजड़ेगा सो उजड़ेगा लेकिन सबसे पहले संवेदनशीलता राख होती दिखाई दे रही है। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीति में मुजरे तक आ पहुंचे हमारे नेताओं को न राजकोट के गेम जोन में राख हुई जिंदगियों को लेकर को रंज है और न दिल्ली के एक अस्पताल के शिशु विभाग में हुयी नवजातों की मौत से कोई मतलब है। रैलियों और रोड शो पर करोड़ों रुपए खर्च करने वाले हमारे भाग्यविधाता एक दिन के लिए अपना चुनावी अभियान बंद कर न राजकोट गए और न दिल्ली के विवेक बिहार।



गुजरात के राजकोट स्थित गेमिंग जोन में ढाई दर्जन से अधिक बच्चे और अन्य लोग जलकर राख हो गए, लेकिन हमारे राजनेताओं का रोम तक नहीं फड़का। कागजी और औपचारिक संवेदनाओं से आगे नहीं बढ़े हमारे नेता। प्रधानमंत्री से लेकर राहुल गाँधी और दीगर दलों के नेताओं के लिए एक सामान्य दुर्घटना है। किसी दल का कोई नेता राजकोट सिर्फ इसलिए नहीं गया क्योंकि इससे उनके चुनावी दौरे में खलल पड़ता। उन्हें अपने रोड शो और रैलियां स्थगित करना पड़तीं। हमारी सरकारें बच्चों को देश की धरोहर मानती ही नहीं हैं, यदि मानती होतीं तो कम से कम एक दिन का राष्ट्रिय शोक तो मनाती ! हमारी सरकार के लिए मारे गए बच्चों और उनके परिजनों की कीमत ईरान के राष्ट्रपति रईसी के मुकाबले शून्य है।

आपको बता दें कि राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में लगी आग के मामले में अब तक 27 शव बरामद किए गए हैं। सिविल अस्पताल में मृतकों का डीएनए लिया गया है। शनिवार शाम पांच बजे भीड़भाड़ वाले गेम जोन में भीषण आग लग गई थी। 25 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स को बताया कि घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार सुबह घटना स्थल और अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

देश की राजधानी दिल्ली में पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक बेबी केयर सेंटर में आग लगने से 7 नवजात बच्चों की जान चली गई और 5 अस्पताल में भर्ती है। केयर सेंटर के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे के बाद बच्चों के घर वालों को कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्हें तब पता चला जब उन्होंने सुबह अखबार पढ़े और टीवी पर न्यूज सुनी और उसके अपने बच्चों को ढूंढते हुए बेबी केयर सेंटर पहुंचे। यहाँ नवजात शुशुओं की देखभाल के लिए एक दिन का किराया 15 हजार रुपया लिया जाता था।

दरअसल हम यानि हमारी व्यवस्था इस तरह के हादसों को लेकर कभी गंभीर नहीं रही। ऐसे हादसों के बाद जांच, मुकदमेबाजी, मुआवजा जैसे ठठकर्म कर मुक्ति पा ली जाती है। समाज में इतनी नैतिकता नहीं बची की ऐसे हादसों के बाद कोई जन प्रतिनिधि या सरकारें जिम्मेदारी अपने ऊपर लें। हमें सियासत के अलावा आजकल कुछ सूझता ही नहीं। कोई मरता है, मरे ! सरकार के पास मुआवजा देने के लिए पैसे की कमी थोड़े ही है । चार-छह लाख रुपए का मुआवजा चुटकियों में दे दिया जाता है। सरकारों की नजर में एक जिंदगी की कीमत चार-छह लाख रुपए से ज्यादा थोड़े ही है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण बाकी है इसलिए हमारे नेताओं की संवेदना इस समय घास चरने के बजाय वोट चरने में लगी हुई है। लोग 24 में से 36 घंटे काम कर रहे है। वे अविनाशी हैं इसलिए उनके ऊपर इस तरह के हादसों का कोई असर नहीं पड़ता।

दुनिया के तमाम देश बच्चों को देश की अमानत मानते हैं और उनकी देखभाल के प्रति सीमा से ज्यादा संवेदनशील होते हैं। लेकिन हमारे यहां बच्चे राज्य की पूँजी और भविष्य के नेता नहीं है। हमारे समाज के प्रकांड पंडित हों या नेता वे अपने समाज से ज्यादा बच्चे पैदा करने का अनुरोध बार-बार करते हैं लेकिन इन बच्चों के जीवन से होने वाली खिलवाड़ से इनका कोई लेना देना नहीं, क्योंकि देश को तो काँवरें ढोने के लिए भीड़ चाहिए, वोट देने के लिए भीड़ चाहिए। सनातन संस्कृति बचाने के लिए बच्चे चाहिए। सड़कों पर भीख मांगते बच्चों के लिए समाज और सरकारें जिम्मेदार थोड़े ही है।

देश में आये दिन होने वाले हादसों में मरने वाले और अपंग होने वालों की लम्बी फेहरिस्त है। लोग बारूद कारखानों में मरें या सुरंगों में कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि हमारे पास संवेदनहीन सत्ता है, संवेदनहीन सियासत है, संवेदनहीन समाज है। हम इस मामले में विश्वगुरु नहीं है। इस मामले में हमारी न जापान से होड़ है और न अमरीका से। चीन से तो हम होड़ करने की सोच ही नहीं सकते। हम इस मामले में सबसे अलग है। हम मुजरा करने और करने वाले समाज के लोग है। छि,,,छि। घिन आती है।

# बकटा बुजुर्ग गांव में प्रधान-सचिव कर रहे बंदरबांट

## पेयजल-स्वच्छता कागजों में, धरातल में शून्य

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के बकटा बुजुर्ग गांव में कई वर्षों से पेयजल संकट से ग्रामीण जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में तालाब, पोखर, चोहड सूख गये हैं। इकलौता कुआ ग्रामीणों के पेयजल की समस्या का समाधान करने में जवाब देने लगा है।

मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश रैकवार ने कहा कि क्षेत्र पंचायत से कुआ की सफाई प्रधान व सचिव ने कराई है। धरातल पर कोई विकास कार्य पंचायत में नहीं दिख रहे हैं। सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि धरातल पर ग्रामीण पेयजल संकट से कई वर्षों से जूझ रहे हैं। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है। जिम्मेदार बीडीओ दिनेश प्रसाद मिश्रा व प्रधान, सचिव आशीष कुमार कागजों में सब चकाचक दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी मे पेयजल संकट गहरा गया है। कहीं भी पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। जिम्मेदार प्रधान, सचिव ने बीडीओ से कोई व्यवस्था नहीं कराई। ग्रामीणों ने बताया कि


पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण।

हरी बाबा, कल्लू आरख के घर के पश्चिम से कई सालो से खराब हैंडपंप का रिबोर नहीं कराया। रामविलास के घर के पास खराब हैंडपंप जो रिबोर लायक है। देवी मंदिर के पास हफ्तों से खराब हैंडपंप, हरिजन बस्ती कालका रैदास के घर के पास खराब हैंडपंप, रामेंद्र सिंह के पुरवा में कई सालों से खराब हैंडपंप का रिबोर नहीं कराया। कुछ दिनों पहले हरि बाबा के पास बीडीओ के कहने पर प्रधान ने टंकी रखवायी है। जिसमें आज तक पानी नहीं भरा गया। गांव के 70 से 80 घरों के लोगों को बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। दो किमी दूर से तपती धूप में पानी लाते हैं। धरातल पर कहीं भी पानी की व्यवस्था नहीं है। सिर्फ कागजों में पेयजल संकट प्रधान-सचिव दूर कर रहे हैं। कई वर्षों से मानक अनुसार पानी का टैंकर नहीं चलाया जा रहा। बड़े पैमाने पर हैंडपंप खराब पड़े हैं। प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए हैंडपंप मरम्मत के नाम से सरकारी धन की निकासी हो रही है। धरातल पर जल संकट से निजात पाने को कोई ठोस कार्य नहीं किये गये। अधिकांश ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत कोई कार्य गांव में नहीं हुए। जगह-जगह नालियां जाम हैं। गंदगी का अंबार है। सफाई कर्मी के गांव में दर्शन नहीं होते। कागजों में स्वच्छ भारत मिशन चकाचक है। हकीकत बकटा बुजुर्ग गांव की कुछ और बयां कर रही है। सचिव आशीष सिंह कभी गांव नहीं आते। ग्रामीण तमाम समस्याओं से जूझ रहे है। आखिर सरकार के बड़े पैमाने पर कागजों में सरकारी पेयजल स्वच्छता पर खर्च हो रही धनराशि धरातल पर क्यों नहीं उतर रही। ग्रामीण बताते हैं कि धरातल पर कोई काम नहीं है। कागजों में सरकारी धन का खर्च दिखाकर बंदरबांट प्रधान-सचिव कर रहे हैं। देखना है कि कई वर्षों से लगातार हैंडपंप मरम्मत व स्वच्छता के नाम सरकारी धन का बंदरबांट करने वालों पर क्या कार्यवाही होती है।

# लोकेशन गैंग सरगना के तीन ट्रक/स्कार्पियो जब्त

## एक करोड से अधिक के वाहन जब्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में लोकेशन गैंग की कमान संभाले गैंगस्टर बब्बल उर्फ बजहूल कमर के भाई प्रयागराज जिले में आइमा थाने के छीते मऊ के अलमास की एक करोड़ से अधिक कीमत के वाहन जिला प्रशासन ने जब्त कर लिये हैं।

मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एके सिंह ने इस बाबत प्रस्ताव भेजा था। गैंगस्टर बब्बल उर्फ बजहूल कमर पुत्र समशुल कमर ने अवैध खनन व ढुलान को सरकारी अधिकारियों की लोकेशन देकर गाड़ियां निकलवाने को गिरोह का संचालन करता था। अवैध धंधे से गैंगस्टर बब्बल ने अपने सगे भाई अलमास के नाम तीन ट्रक व एक स्कार्पियो खरीदी थी। लगभग एक करोड़ नौ लाख 60 हजार कीमत की इन गाड़ियों को मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने शासन के पक्ष में जब्त करने के आदेश दिये हैं।

# राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में 241 छात्र-छात्राओं का चयन

## मारुति कम्पनी ने किया प्लेसमेन्ट

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में कृष्णा मारुती गुजरात ने कैंपस इंटरव्यू का आयोजन कर मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा केमिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा इंजीनियरिंग 2021 से 2023 तक के उत्तीर्ण छात्रों व 2024 के अंतिम वर्ष के छात्रों के प्लेसमेंट किया। कृष्णा मारुति की ओर से एचआर प्रबंधक सन्तोष कुमार व तुषार पाण्डेय ने साक्षात्कार किया।

मंगलवार को साक्षात्कार को ऑनलाइन पंजीयन 1270 छात्रों


अतिथियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य।

ने किया था। हीट वेव से 353 छात्र-छात्रायें साक्षात्कार को आये। छात्र-छात्रायें राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ व मानिकपुर तथा चित्रकूट के अतिरिक्त आगरा, झांसी, फतेहपुर, हंडिया प्रयागराज, गोंडा, अमेठी, बरेली, जौनपुर, गाजियाबाद, श्रावस्ती, कानपुर, बस्ती, रायबरेली, हमीरपुर, सुलतानपुर आदि जिलों के छात्र संस्था में हाजिर हुए। इनमें से 241 छात्र-छात्राओं का चयन 2.52 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ। इन छात्रों को गुजरात के बेचराजी, दसलाना, अहमदाबाद के प्लांट को सेवायोजित किया। ये सभी छात्र-छात्रायें जुलाई में परीक्षा के बाद कंपनी में सेवायें देंगे। कृष्णा मारुति एक मारुति सुजुकी कंपनी की सहयोगी कंपनी है, जो सुजुकी मोटर की कार के लिए विभिन्न पार्ट्स बनाती है।

संस्थान के प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार वैश्य ने बताया कि संस्था में प्लेसमेंट को सातवीं कंपनी का इस सत्र में आगमन हुआ है। अब तक विभिन्न जिलों के लगभग 550 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में चयन कराया जा चुका है। ये संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है। संस्था के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेल बधाई के पात्र हैं। प्लेसमेंट का आयोजन संस्था के व्याख्याता चन्द्रभान प्रजापति, संजीव सिंह, श्रीमती साजिया तबस्सुम, अनन्त प्रकाश, दीपेन्द्र मिश्र, अमित शुक्ल, अनुपम सिंह, सचिन मौर्य, देवाशीष, सुधांशु सिंह, सूर्य देव राणा व अशोक सिंह ने किया।

## एनआई एक्ट में हुआ सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मध्यस्थता केन्द्र में मंगलवार को धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में सुलह हुई। लगभग आठ माह से न्यायालय में लम्बित मामला समाप्त हो गया।

मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि लव सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत वाद दायर किया था। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने पत्रावली को सुलह -समझौते को संदर्भित किया था। मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता राहुल शर्मा ने पत्रावली को सुलह- समझौते को पेश किया। उनके प्रयास से आठ माह से चल रहे विवाद में मंगलवार को सुलह को सहमति बन गई। दोनों पक्षों ने सुलहनामा दाखिल किया।

# विश्व माहवारी दिवस पर बांटा सेनेटरी पैड


सेनेटरी पैड बांटते स्वास्थ्य कर्मी।

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के मुहरवां गांव में किशोरियों के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन में सभी किशोरियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड व आयरन कैल्शियम की गोलियां बांटी गइं। उनके महत्व व उपयोगिता की जानकारी दी गई।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के प्रभारी डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज विश्व माहवारी दिवस सभी महिलायें किशोरी माहवारी दौरान सेनेटरी पैड का उपयोग करें, ताकि बीमारियों से बचा जा सके। मौजूद सौ किशोरियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड व आयरन तथा कैल्शियम की गोलियां बांटी गईं। इस मौके पर अधीक्षक डॉ उदय प्रताप सिंह, बीपीएम राधे कृष्णा, काउंसलर सोनल त्रिपाठी, आरबीएस के टीम सदस्य एवं बीएमसी यूनीसेफ मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा ने चोरी व माल बरामद के वांछित गोविन्द प्रसाद पुत्र मक्खन लाल निषाद सुहेल पतेरिया का पुरवा थाना मऊ को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा व सिपाही अतुल मिश्रा शामिल रहे।

## बन्दी का मामला कराया समाप्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मंगलवार को जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के मध्य विशेष लोक अदालत लगी। चयनित न्यायिक अधिकारी सिविल जज सीडि सचिन कुमार दीक्षित ने चिन्हित पांच पत्रावलियों में से एक में आरोपी के स्वेच्छा से जुर्म स्वीकार करने पर मामला समाप्त कराया।

# कब बनेगा बुंदेला नाला में पुल, पचास गांवों का सीधा संबंध है

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** विकास के खोखले दावों की पोल खोलने को बुंदेला नाला की तस्वीर काफी है। कई दशकों से जीर्णोद्धार होने की बाट जोह रहा बुंदेला नाला चुनाव आते ही चर्चा में आ जाता है।

मंगलवार को चुनावी मौसम की बयार में बुंदेला नाला पर पुल निर्माण की बात चली है। प्रयागराज व चित्रकूट को जोड़ने वाले इस जर्जर बुंदेला नाला पुलिया में आये दिन हादसे होते हैं। लोग बाग जान हथेली पर रख के यात्रा करते हैं। इसके निर्माण की खास पहल साकार होती नहीं दिख रही। वैसे तो बुंदेला नाला एक बरसाती नदी है, जो शंकरगढ़ की पहाड़ियों से निकल कर प्रयागराज के लालापुर थाने के प्रतापपुर के पास यमुना नदी


पुल को तरस रहा बुंदेला नाला।

में मिल जाती है। प्रयागराज से घूरपुर-लालापुर होते हुए प्रधानमंत्री सड़क मऊ में मिलती है। इस मार्ग से मऊ से प्रयागराज की दूरी बीस किमी कम हो जाती है। दोनों जिलों को जोड़ने में सबसे बड़ी बाधा बुंदेला नाला बीच में अवरोध पैदा करता है।

प्रयागराज से प्रतापपुर तथा मऊ से प्रतापपुर तक काली सड़क बनी है। प्रतापपुर के पास बुंदेला नाला पर पुल नहीं है। इससे ऊबड़-खाबड़ खड़ी चढ़ाई पर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि सरकार ने बहुत पहले एक रपटा बनवाया था। वर्तमान में रपटा क्षतिग्रस्त है। थोड़ी सी बरसात में बुंदेला नाला उफान में आ जाता है। इससे रपटे के ऊपर पानी बहने लगता है। ऐसे में लोग मजबूरी में जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं।

गौरतलब है कि बुंदेला नाला का आधा हिस्सा प्रयागराज व आधा हिस्सा चित्रकूट में आता है। इससे पुल निर्माण में जनप्रतिनिधियों ने रुचि नहीं दिखाई। बुंदेला नाला में पुल बन जाये व सड़कों को दुरुस्त किया जाये तो मऊ से प्रयागराज आवागमन का ये सुगम मार्ग हो जायेगा। लोग बिना किसी जोखिम के कम दूरी व कम समय में प्रयागराज आ-जा सकेंगे।

## बच्चों को होती है परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** शंकरगढ़ के प्राइवेट स्कूलों में स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं। जर्जर बुंदेला नाला पारकर वे किसी तरह यात्रा करते हैं। बच्चों को सबसे ज्यादा बरसात में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुंदेला नाला पचास गांवों को प्रभावित करता है। हजारों लोग रोज बुंदेला नाला पार करते हैं। स्थानीय लोग दशकों से उपेक्षित बुंदेला नाला पर पुल निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं। दशकों से उपेक्षित बुंदेला नाले पर कब पुल बनेगा, ये देखना है।

# अनुसूचित जाति नाबालिग बालिका की हत्या का खुलासा

## गर्भवती थी मृतका, आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रैपुरा थाना क्षेत्र के पैकौरा गांव में अनुसूचित जाति की नाबालिग लडकी से दुष्कर्म व हत्या मामले का खुलासा किया है। एक आरोपी को दबोचकर पुलिस ने मामले का पर्दाफाश किया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी व थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम ने 15 मई को क्षेत्र में हुई नाबालिग लड़की की हत्या मामले में धीरेन्द्र सिंह पटेल पुत्र माताबदल पैकोरामाफी को आलाकत्ल मूंज की रस्सी व मृतका की एक जोड़ी चप्पल समेत इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय बगरेही से गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 15 मई को रैपुरा थाने के पैकौरा गांव के ग्रामीण ने सूचना दी कि उसकी नाबालिग पुत्री 14 मई की रात शौच को घर से बाड़ा में बने शौचालय को गई थी। एक घंटा


पत्रकारों से बात करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बाद घर न लौटने पर खोजबीन की गई। अगले दिन 15 मई को पुत्री का शव गांव के बाहर नदी किनारे झाड़ियों में मिला। शक जताया कि पुत्री की हत्या गांव के धीरेन्द्र पटेल पुत्र माताबदल व सुभाष उर्फ छुट्टन पुत्र छेदीलाल ने की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर खुलासे के निर्देश दिये थे।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के छह माह का गर्भ निकला। एसओजी/सर्विलांस व रैपुरा पुलिस टीम ने 27 मई को धीरेन्द्र सिंह पटेल को गिरफ्तार कर सख्ती से पूंछताछ की। उसने बताया कि मृतका से काफी दिनों से प्रेम सम्बन्ध थे। दूसरों से भी उसके सम्बन्ध थे। मृतका के गर्भवती होने पर गर्भ निरोधक दवायें दी। मृतका नहीं मानी। 14 मई की रात मृतका को दवाई देने के बहाने बुलाकर उसकी मूंज की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारायें बढाई। आरोपी के डीएनए की मैचिंग करायी जा रही है। मामले में जो भी संदिग्ध होंगे, उनका भी डीएनए कराया जायेगा। टीम में एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोशन, राघवेन्द्र, गोलू भार्गव व थाना रैपुरा पुलिस टीम के थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, दरोगा यूटी नितिश यादव, सिपाही अंकित शुक्ला, राममूरत मिश्रा, अजीत यादव, महिला सिपाही संध्या शामिल रहे।

# पहाडी कस्बे मुख्य सडक पर गड्ढा दे रहा हादसों को निमंत्रण, गड्ढा भरने में हुई खानापूरी

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** नेशनल हाईवे में बना गड्ढा बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार कुम्भकर्णी नींद सो रहे हैं।

मंगलवार को पहाड़ी ब्लाक मुख्यालय के पहाड़ी- राजापुर मार्ग स्थित नेशनल हाईवे 731ए मार्ग पर भारी गड्ढा मौत को दावत दे रहा है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। राजापुर रोड स्थित


पहाडी कस्बे का गड्ढा।

महेन्द्र गुप्ता सब्जी वाले के पास सडक में भारी गड्ढा हो गया है। आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कत हो रही है। आये दिन इसी गड्ढे में छोटी-छोटी घटनायें हो रही हैं। नाली सफाई न होने से नाली का गन्दा पानी सड़क से निकलने से ये गड्ढा हो गया है। किसी दिन बडी घटना को अंजाम दे सकता है। बरेठी चैराहे पहाडी से पचास मीटर दूर रोड में बडे-बडे गड्ढे हैं। जिन्हें ठीक करने में खानापूरी की जाती है। ये गड्ढे आज तक सही ढंग से नही बन सके हैं। नेशनल हाइवे होने से भारी वाहनों का आना-जाना इसी सडक से होता है। रोड किनारे नाली न होने से घरों का पानी सडक में बह रहा है। पुरानी नाली जो बनी थी, वह पूरी तरह खराब हो गयी है। कुछ लोगों ने बताया कि रात मे तेज रफ्तार ट्रकों के चलते नींद नही आती। नेशनल हाईवे रोड मे गड्ढा होने से अक्सर आने-जाने वाले राहगीर गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। पानी की वजह से लोगों के कपडे गुजरते वाहनों से कीचड से गंदे हो जाते हैं। एक माह में दो दर्जन लोग गड्ढों की वजह से घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जनहित में सडक मरम्मत कराकर नाला निर्माण करवाया जाये, ताकि भविष्य में कोई बडी घटना न हो सके। नाला निर्माण बरेठी चौराहे से इंडियन बैक या नांदी चौराहे तक नहीं होगा, तब तक समस्या का निदान होना असम्भव है। किसी जनप्रतिनिधि को नेशनल हाइवे के गड्ढे नहीं दिख रहे। पहाडी कस्बावासियों ने समस्या निदान की मांग की है।

# चरणबद्ध आन्दोलन की दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ में बनी सहमति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की प्रांतीय संयुक्त बैठक लखनऊ में प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में लिये निर्णय पर कर्मचारियों ने मंगलवार को अपरान्ह दो बजे प्रतिज्ञा सभा की।

मंगलवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति व प्रान्तीय संयुक्त सचिव/महासचिव मो अनस अंसारी ने कई वर्षों से लम्बित समस्याओं जैसे न्यायालय में


सहमति जताते दीवानी न्यायालय कर्मचारी।

कार्यरत स्वीपर का मासिक वेतन छह हजार रुपये प्रतिमाह न्यूनतम मजदूरी न दिये जाने, जनपद न्यायालय कर्मियों का अन्तर्जनपदीय तबादला वर्षों तक लंबित रहने, संविदा कर्मियों का वेतन न बढ़ाने व नियमितीकरण न करने, शेट्टी कमीशन की संस्तुतियों के विपरीत न्यायिक कर्मियों के पद व वेतनमान स्वीकृत न होने, न्यायिक कर्मियों 2013 वर्दी पहनने का शासनादेश न्याय अनुभाग से होने के बाद आज तक धनराशि निर्धारित न करने, विभागीय नियमावली में संविदा पद न होने के बाद एफटीसी न्यायालय में संविदा पद सृजित करने की समस्याओं के निराकरण को चरणबद्ध आंदोलन के निर्देश प्रान्तीय कमेटी ने दिये थे। प्रान्तीय कमेटी के निर्देश पर मंगलवार को अपरान्ह पौने दो बजे दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने प्रतिज्ञा सभा की।

प्रतिज्ञा सभा में दीवानी न्यायालय चित्रकूट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। समस्याओं बाबत चरणबद्ध आंदोलन करने की सहमति बनी। इस मौके पर अनिल सिंह, उपेन्द्र कुमार तिवारी, धीरेन्द्र शर्मा, गोविन्द प्रसाद, जितेन्द्र सिंह, शिवनारायण वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अनूप सिंह, ललित, रवि प्रकाश, रेनू सिंह, रवि कुमार श्रीवास्तव, रितेश कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, नरेन्द्र चतुर्वेदी, दिलीप विश्वकर्मा, रघुवीर कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# इजराइल के पश्चिमी रफाह पर हुए हमले में 45, विस्थापितों की मौत, नेतान्हू ने दुख जताया



**यरुशलम।** इजरायल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच पिछले साल से जारी जंग की लपटें और विकराल हो गई हैं। इजराइल की सेना ने इस बार दक्षिणी गाजा के पश्चमी रफाह में बड़ी जवाबी कार्रवाई की। इजराइल ने यहां हवाई हमला किया। इस हमले में 45 लोग मारे गए। मरने वालों में 23 महिलाएं, बच्चे और वृद्ध हैं। सभी विस्थापित बताए गए हैं। इस हमले की कई देशों ने आलोचना भी की है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सैन्य कार्रवाई पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा है, ''बहुत बड़ी गलती हो गई''। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हवाई हमले की वजह से विस्थापित लोगों के तंबुओं में आग लग गई और लगभग 45 लोगों की झुलसने से मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजराइल के हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 36,050 पहुंच गई है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को लेकर अपनी गलती मानी है। नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य किसी भी इंसान को नुकसान पहुंचाना नहीं था। इस हमले की जांच की जाएगी। उन्होंने संसद में एक भाषण में कहा कि दुर्भाग्य से इस हवाई हमले में कुछ नागरिकों की मौत हो गई है। हमास नेता सामी अबू जुहरी ने इसे नरसंहार बताते हुए इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। उल्लेखनीय है कि रफाह में इजराइल की सेना और हमास के आतंकियों के बीच दो हफ्ते से लड़ाई जारी है।

रफाह की इस घटना के बाद यूरोपीय नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के रफाह में सैन्य कार्रवाई रोकने के फैसले को तत्काल लागू किए जाने की जरूरत बताई है। जर्मनी के विदेश मंत्री एनालेना बेयरबोक और यूरोपीय संघ के विदेशी मामलों के प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा, रफाह के बारे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले का सम्मान होना चाहिए। साथ ही गाजा में मानवाधिकारों की रक्षा होनी चाहिए।

# नवाज शरीफ को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आज पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस आशय की जानकारी दी है।

उल्लेखनीय है कि पनामा पेपर्स केस में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण शरीफ को छह साल के लिए पीएमएल-एन का अध्यक्ष पद गंवाना पड़ा था। नवाज शरीफ के खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। पार्टी के सामान्य परिषद सत्र के दौरान नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सत्र में कश्मीर, फिलिस्तीन और अन्य मामलों पर प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी। पीएमएल-एन ने पहले 11 मई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी की सामान्य परिषद की बैठक आयोजित करने की घोषणा की थी। बाद में 28 मई को यौम-ए-तकबीर के अवसर पर सत्र आयोजित करने का फैसला किया था। पाकिस्तान ने 28 मई 1998 को परमाणु परीक्षण किया था। तब इस तारीख को हर साल 28 मई को यौम-ए-तकबीर का सरकारी आयोजन किया जाता है। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 2018 में दोषी ठहराए जाने के बाद किसी भी सार्वजनिक पद को संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## नेपाल में पीरियड्स के समय महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की चार दिन सड़क पर नहीं लगेगी ड्यूटी

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्रालय ने पीरियड्स के दौरान महिला ट्राफिक पुलिस वालों को चार दिन तक सडक पर ड्यूटी नहीं लगाने का फैसला किया है। नेपाल में मंगलवार को मनाए जा रहे गणतंत्र दिवस पर यह फैसला सार्वजनिक लिया गया है। इस फैसले की जानकारी खुद गृहमंत्री ने सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने फेसबुक और एक्स अकाउंट पर गृहमंत्री रवि लामिछाने ने लिखा है कि आज से महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को उनके पीरियड्स के समय चार दिनों तक सड़क पर ड्यूटी नहीं देने का फैसला लिया गया है। उन्होंने लिखा कि गणतंत्र दिवस पर महिला सम्मान के लिए इससे बड़ा फैसला नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ट्रैफिक के समय स्वयंसेवकों की सहायता ली जाएगी। काठमांडू के अधिकांश व्यस्त चौक चौराहों पर महिला सिपाही को ड्यूटी पर लगाया जाता है। काठमांडू में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या करीब 30 फीसदी है और काठमांडू के अति व्यस्त चौराहों पर पूरा दिन सिर्फ महिलाओं की ड्यूटी लगाई जाती है। पीरियड्स के समय महिला पुलिसकर्मियों को दिन भर खड़े रहने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में ईसाइयों पर हमले में 33 हमलावरों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**लाहौर।** पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए ईसाई समुदाय के लोगों पर व्यापक हमला किया गया है। यह हमला पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में हुआ। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की फैक्ट्री और घर जलाया गया। इस हमलों में आरोपित 33 संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। इस हिंसा में अभी तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस हमले और हिंसा के विरोध में ईसाई समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन किया। इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कट्टरपंथियों ने शनिवार को लाहौर से 200 किमी दूर पंजाब के सरगोधा जिले की मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के लोगों पर हमला कर दिया। इन हमलावरों ने ईसाई समुदाय के लोगों की घरों और संपत्तियों को तहस-नहस करके आगजनी की। इस दौरान ईसाई समुदाय के दो लोग घायल हो गए और दस पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए। पंजाब पुलिस के सोमवार को दिए बयान के अनुसार सरगोधा की हिंसा में अब तक 44 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 33 लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस की दर्ज की एफआईआर के अनुसार एक बुजुर्ग ईसाई नाजिर मसीह के निवास और जूता फैक्टरी के आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने उन पर कुरान के अपमान का आरोप लगाया। हिंसक भीड़ ने उनकी जूता फैक्टरी को आग लगा दी और आसपास की कुछ दुकानों और घरों को भी आग के हवाले कर दिया। उन्होंने मसीह को भी जला दिया लेकिन उसी बीच पुलिस बल आ गया और मसीह और उनके परिवार के अन्य दस सदस्यों की जान बचा ली गई। मसीह के परिवार ने कुरान के अपमान के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि भीड़ उनके परिवार पर जानलेवा हमला करना चाहती थी।

हिंसक भीड़ ने पुलिस बल पर भी पत्थरबाजी की। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पाकिस्तान की पुलिस ने 450 लोगों के खिलाफ आतंकवाद समेत कई आरोप लगाए हैं।

## मध्य अमेरिका में उठा ऐसा बवंडर, 21 लोगों की गई जान, लाखों घरों की गुल हुई बिजली,

**न्यूयॉर्कः** मेमोरियल डे अवकाश सप्ताहांत में मध्य और दक्षिणी अमेरिका में शक्तिशाली तूफानों की एक श्रृंखला आई. इन तुफानों में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई. कई घर, दुकानें नष्ट हो गए और बिजली गुल हो गई. विनाशकारी तूफानों के कारण टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटुकी में मौतें हुईं. दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक शुरूआती सीजन की गर्मी की लहर ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है. अमेरिकी मौसम विभाग के पूवार्नुमानकताओं ने कहा कि गंभीर मौसम पूर्वी तट की ओर स्थानांतरित हो सकता है. विभाग ने लाखों लोगों को छुट्टियों के दौरान बाहर निकलने से पहले मौसम को ध्यान में रखने की अपील ही है.

केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर, जिन्होंने पहले आपातकाल की स्थिति घोषित की थी, ने सोमवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चार अलग-अलग काउंटियों में चार लोगों की मौत हो गई है. अधिकारियों ने कहा कि 21 लोगों की मौत में कुक काउंटी, टेक्सास में शनिवार को एक मोबाइल होम पार्क में आए बवंडर से हुई सात मौतें और अर्कांसस में आठ मौतें भी शामिल हैं. अधिकारियों ने कहा कि ओक्लाहोमा के मेयस काउंटी में दो लोगों की मौत हो गई, जो तुलसा के पूर्व में है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान में पांच साल की लड़की का 13 साल के लड़के से करा दिया निकाह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाल विवाह रोकने के तमाम सरकारी फरमान धरे के धरे रह गए। यहां के शेखुपुरा के कोट नजीर इलाके में पांच साल की लड़की की शादी 13 साल के लड़के से करा दी गई। पुलिस खबर मिलने पर पहुंची तो बाराती और घराती भाग गए। पुलिस ने सोमवार को कई जगह दबिश दी। इस दौरान शादी कराने वाले एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस का कहना है कि बाल विवाह में शामिल अन्य संदिग्धों को पकड़ने के लिए छापा मारा जा रहा है। गौरतलब है कि पंजाब में 16 साल से पहले शादी करना गैरकानूनी है। प

ुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सदर मुरेडके थाने के सहायक उपनिरीक्षक की ओर से बाल विवाह अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि बच्चों की जबरन शादी की जा रही थी। पुलिस को देख संदिग्ध भाग गए। बच्चे के दादा यूसुफ ने स्वीकार किया है कि वह अपने बेटे मुजम्मिल अब्बास के साथ मिलकर अपने पोते की शादी करा रहे थे। शादी में लड़की के पिता इमरान, उसके दादा अमजद, बशीर और अकरम सुलेमान उर्फ चना भी शादी में मौजूद थे। शादी का सारा इंतजाम अरशद ने कराया। यह निकाह उमर हयात नाम के एक संदिग्ध ने कराया।

एफआईआर में कहा गया है, कम उम्र के बच्चों की जबरन शादी कराकर बाल विवाह निरोधक (संशोधन) अधिनियम 2015 के तहत अपराध किया है। पंजाब सरकार ने 2015 में शादी की कानूनी उम्र 16 साल तय की थी। इस साल 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह को रोकने के लिए पंजाब बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 2024 का मसौदा तैयार किया गया है।

पाकिस्तान में कुछ रूढ़िवादी धार्मिक संस्थाएं तो बाल विवाह का समर्थन करती हैं। ऐसी ही एक संस्था है काउंसिल ऑफ इस्लामिक आइडोलॉजी (सीआईआई)। इसके चेयरमैन मौलाना मोहम्मद खान शेरानी तो यहां तक कहते हैं कि लड़कियों में यौवन के लक्षण दिखने और नौ साल की उम्र होने पर शादी करा दी जानी चाहिए। कानून में शादी की न्यूनतम उम्र इस्लामिक कानून के हिसाब से नहीं है। इसे बदलना होगा। वह संसद से इस्लामिक मान्यता के अनुसार इस कानून में बदलाव करने मांग भी कर चुके हैं।

शेरानी सिंध असेंबली से पास बाल विवाह के खिलाफ कानून की भी आलोचना कर चुके हैं। शेरानी का कहना है कि निकाह किसी भी उम्र में किया जा सकता है, लेकिन दुल्हन सिर्फ यौवन अवस्था में आने के बाद ही दूल्हे के साथ रह सकती है। मुस्लिम मैरिज लॉ 1961 में कई अनुच्छेद गैर-इस्लामिक हैं। कानून के सेक्शन-6 का हवाला देते हुए उन्होंने कहा है कि पुरुष का अपनी पत्नी से दूसरी शादी की इजाजत लेना भी गैर इस्लामिक है। यह हक महिलाओं को नहीं है।

## ढाका में अंतदेर्शीय जलमार्ग पर परिचालन फिर शुरू



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर से अंतदेर्शीय जलमार्ग पर परिचालन फिर शुरू हो गया। बांग्लादेश अंतदेर्शीय जल परिवहन प्राधिकरण ने चक्रवाती तूफान रेमल की वजह से रविवार रात 10 बजे से परिचालन रोक दिया था। बांग्लादेश अंतदेर्शीय जल परिवहन प्राधिकरण के जनसंपर्क अधिकारी एहतेशामुल परवेज ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चक्रवात रेमल के कमजोर होने के बाद बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग ने जारी चेतावनी संकेत को आज वापस ले लिया। इसके बाद ढाका से अंतदेर्शीय जलमार्ग पर परिचालन आज दोपहर 12 बजे फिर से शुरू हो गया। इस बीच, बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि बुधवार सुबह नौ बजे तक समूचे बांग्लादेश में बारिश होने का पूवार्नुमान है। ढाका, मैमनसिंह, चटगांव, सिलहट, रंगपुर और बारिसल डिवीजन में कुछ स्थानों पर और राजशाही और खुलना में एक या दो स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## नेपाल में आम बजट से पहले सत्तापक्ष और विपक्ष में बनी सहमति

**काठमांडू।** नेपाल में संसद के बजट सत्र में पिछले छह मई से जारी गतिरोध अब खत्म होता दिख रहा है। संसद में मंगलवार को पेश होने वाले आम बजट से पहले सत्तापक्ष और विपक्ष ने सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति के गठन और उसके कायार्देश पर सहमति बनने का दावा किया है। संसद में बिना किसी विरोध के बजट पेश करने का माहौल बनाने के लिए कई असफल प्रयासों के बाद मंगलवार सुबह से ही बैठकों का दौर जारी है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की पहल पर सत्ता पक्ष आज सुबह से ही विपक्ष के साथ सहमति बनाने के प्रयास में जुटा हुआ है। सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने दावा किया है कि सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति के गठन के साथ ही उसके कायार्देश को लेकर भी सहमति बन गई है। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता प्रकाश शरण महत ने कहा कि संसदीय जांच समिति में पांच दलों के सात सदस्यों को शामिल करने पर सहमति बनी है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (एमाले) से दो-दो सांसद और सीपीएन (एमसी), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी एवं राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के एक-एक सांसद को रखने पर सहमति बनी है। इसके अलावा कायार्देश में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम नहीं रखने पर विपक्षी दल सहमत हो गए हैं।

## इब्राहिम रईसी की मौत के बाद ईरान की राजनीति में उथल-पुथल, जून में आएंगे चुनाव के परिणाम

**कैनबराः** ईरान को अपने राष्ट्रपति और विदेश मंत्री की मृत्यु के बाद उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जून के चुनाव परिणाम की परवाह किए बिना निरंतरता महत्वपूर्ण है. कहा जाता है कि विंस्टन चर्चिल ने सोवियत राजनीति पर टिप्पणी की थी कि यह एक बड़े कालीन के नीचे कई कुत्तों को लड़ते हुए देखने जैसा था. यह निर्धारित करना असंभव था कि कौन जीत रहा है. इसे ईरान की आंतरिक राजनीति पर भी लागू किया जा सकता है. प्रथम द्दष्टया, उत्तर-पश्चिमी ईरान के पहाड़ों में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके विदेश मंत्री होसैन अब्दुल्लाहियान की मौत एक साधारण दुर्घटना थी. यह स्पष्टीकरण इस तथ्य से और भी प्रशंसनीय हो गया था कि वे अमेरिका निर्मित हेलीकॉप्टर में थे, जिसे शाह की सरकार ने 1970 के दशक में खरीदा था, जिसके लिए अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण स्पेयर पाट्र्स प्राप्त करना मुश्किल था. लेकिन गोपनीयता, जो ईरानी शासन की एक पहचान है, साजिश को जन्म देती है. इस बारे में तुरंत अटकलें शुरू हो गईं कि क्या रईसी की मौत नए सर्वोच्च नेता के चुनाव की प्रत्याशा में शासन की अंदरूनी लड़ाई का नतीजा थी. यह देखते हुए कि मौजूदा नेता अली खामेनेई 85 वर्ष के हैं और उनका स्वास्थ्य खराब बताया जा रहा है. कुछ लोगों ने मलबे की तस्वीरों में सबूत देखने का दावा किया कि हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बजाय विस्फोट हुआ था.

**एक कट्टर विरासत**

चाहे उनकी मृत्यु एक दुर्घटना थी या कुछ नापाक इरादे, कुछ ईरानी रईसी का मौत का शोक मनाएंगे. रईसी इस्लामिक गणराज्य के शुरूआती वर्षों में एक कट्टरपंथी अभियोजक थे और उन्होंने उन न्यायाधिकरणों की अध्यक्षता की, जिन्होंने 1980 के दशक में हजारों ईरानी प्रदर्शनकारियों को मौत की सजा सुनाई थी।

# पाकिस्तान में मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म, उंगलियां जला दी गई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के तुलंबा इलाके से दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है। यहां मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म ढाया गया। इसके बाद उनकी उंगलियां जला दी गईं। यह खुलासा पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने किया है। यह रिपोर्ट सोमवार को प्रसारित की गई है।

पीड़ित लड़कियों की मां ने आरोप लगाया कि मुदस्सिर और मकसूद नाम के व्यक्तियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी बेटियों पर अत्याचार किया। लड़कियों को एक तंबू में ले जाया गया। रस्सियों से बांधकर लटका दिया गया। महिला का दावा है कि हमलावरों ने बाद में उसे और लड़कियों को पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित लड़कियों की मां ने दावा किया, ''पुलिस ने मुझे और मेरी बेटियों को गैर-मेडिकल जांच की गारंटी पर रिहा कर दिया।'

महिला ने पुलिस अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया है और जोर दिया है कि उनकी बेटियों की मेडिकल जांच और न्याय जरूरी है। डीएसपी सलीम रथ ने पुष्टि की है कि लड़कियों पर मदरसे से किताबें चुराने और उन्हें किसी और को देने का आरोप है। उन्होंने उल्लेख किया कि घटना कुछ दिन पहले हुई थी और आश्वासन दिया कि वह फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# इजराइल में हमास के हमले के लिए ईरान, चीन व रूस जिम्मेदार: निक्की हेली -

**तेल अवीवः** अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी की नेता और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी दूत निक्की हेली ने पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के हमले के लिए ईरान, चीन और रूस को जिम्मेदार ठहराया है. हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 को बंधक बना लिया गया था. इजराइल के दौरे पर गईं निक्की हेली ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ईरान ने रूसी खुफिया जानकारी के आधार पर हमले की साजिश रची. चीन ने पूरे ऑपरेशन को आर्थिक मदद पहुंचाई.

निक्की हेली ने कहा, 'वे सभी हत्यारे और सहयोगी हैं. हमें ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए खुद के प्रति ईमानदार होना होगा.' हालांकि, निक्की हेली ने घटना में चीन और रूस के शामिल होने का कोई सबूत नहीं दिखाया. गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्टूबर के हमले के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मास्को में हमास नेताओं की मेजबानी की थी। रूसी उप विदेश मंत्री मिखाइल बोगदानोव ने ईरान के उप विदेश मंत्री अली बघेरी कानी के साथ रूस गए हमास नेता मूसा अबू मरजौक, हमास के अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय के प्रमुख और हमास के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बसेम नईम से मुलाकात की थी. रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने दक्षिणी इजराइल का दौरा किया. वह सात अक्टूबर को हमास के हमले में नष्ट सेडेरोट पुलिस स्टेशन भी गईं.